खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 26°C


नई दिल्ली, रविवार 26 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 18 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 7 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा, उपलब्धियां विश्वस्तरीय : निर्मला सीतारमण पेज 2



ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे कोहली खेल टाइम्स



प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप पेज 11



ऐसा लग रहा है जैसे एक साथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता बॉलीवुड

# पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया

## सात गेंद शेष रहते 265 का लक्ष्य प्राप्त कर छह विकेट से दी दिल्ली को करारी शिकस्त, काम न आई राहुल की 152 रनों की पारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने अरुण जेटली स्टेडियम में टास जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए।

जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। पंजाब 7 मैचों में 7 जीत के साथ पाइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, दिल्ली की 7 मैचों में यह चौथी हार थी। दिल्ली के केएल राहुल ने नाबाद शतक



लगाया। उन्होंने 152 रन बनाए। यह आईपीएल में किसी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था। उन्होंने पिछले सीजन पंजाब के खिलाफ 141 रन की पारी खेली थी। दिल्ली की ओर से नीतीश राणा ने 91 रन बनाए। राहुल और राणा के बीच दूसरे विकेट के लिए

- आईपीएल इतिहास में राहुल एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बने

> पंजाब के कप्तान अय्यर 71 व प्रभसिमरन ने खेली 76 रनों की पारी
>
> केएल राहुल बने प्लेयर ऑफ द मैच

220 रन की साझेदारी हुई। 265 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक लगाए। प्रभसिमरन सिंह ने 26 बाल पर 76 रन। जबकि श्रेयस ने 36 बाल पर नाबाद 71 रन बनाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या ने 43 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और विप्रज निगम को 1-1 विकेट मिला। पंजाब की पारी के तीसरे ओवर के दौरान दिल्ली के पेसर लुंगी एनगिडी को चोट लग गई। मेडिकल टीम ने तुरंत पहुंचकर उनका इलाज शुरू किया। एनगिडी को एंबुलेंस से हॉस्पिटल लेकर गए। चोट के चलते खेल रोका गया था, जो करीब 15 मिनट बाद शुरू हुआ। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है।

## एच-1बी वीजा में कटौती की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में बीते एक वर्षों में विदेशियों के प्रवास का मुद्दा गर्माया हुआ है। आलम यह है कि ट्रम्प प्रशासन न सिर्फ अवैध प्रवासियों, बल्कि अब वैध तौर पर अमेरिका में काम के लिए जाने वाले लोगों को भी निशाना बनाने में जुटा है। इसी कड़ी में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसद अमेरिकी संसद में एक विधेयक लेकर आए हैं, जिसमें उच्च-कौशल वाले दूसरे देशों के नागरिकों को अमेरिका में रहने की सुविधा देने वाले एच-1बी वीजा पर रोक लगाना प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि रिपब्लिकन पार्टी का यह कदम मुख्यत: भारत और चीन के नागरिकों को अमेरिका में नौकरी करने से रोकने के मकसद से लाया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह कदम अगर सफल हुआ तो इसका नुकसान दूरगामी हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर बवाल, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को प्रदेश की राजधानी इंफाल में स्थायी शांति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यह विरोध प्रदर्शन मैतेई संगठन कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले आयोजित किया गया था।

### बंगाल व तमिलनाडु में नहीं की गई रिपोल की सिफारिश

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभाओं के चुनाव के लिए 23 अप्रैल को हुए मतदान के संबंध में किसी भी स्थान पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। यह जानकारी शनिवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों ने दी। पश्चिम बंगाल में 294 सदस्य विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर इस सप्ताह गुरुवार को वोट डाले गए थे।

### बंगाल के छह पुलिस अफसरों को निलंबित करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट पर राज्य पुलिस के छह अधिकारियों को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट भी तालाब की है। आयोग के सचिव ने इस संबंध में बंगाल के मुख्य सचिव को दो पत्र भेजे हैं। 23 अप्रैल को लिखे गए एक पत्र में हिगलगंज थाने के थाना प्रभारी संदीप सरकार को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

# ICU सेवाओं पर सुप्रीम सख्ती

## कहा: राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि आईसीयू के लिए तय न्यूनतम मानकों को लागू करने के लिए सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश व्यावहारिक और यथार्थवादी कार्ययोजना तैयार करें।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जज अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन शामिल थे, ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें।

## चूहे खा गए रिश्वत के पैसे, कोर्ट भी हैरान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सामने एक ऐसा मामला आया जिसने जजों को भी हैरान कर दिया। यह मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा है, जहां मुख्य साक्ष्य यानी रिश्वत की रकम के बारे में दावा किया गया कि उसे चूहों ने कुतर डाला। खबर है कि अब शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई एक महिला को जमानत दे दी है। यह पूरा मामला बिहार से जुड़ा है।

> भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराई गई महिला को दी जमानत



चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑफिसर के पद पर कार्यरत अरुणा कुमारी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाया गया था। उन पर 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। पटना हाईकोर्ट ने महिला को सजा सुनाई थी। हालांकि, जब मामला देश की सबसे बड़ी अदालत में पहुंचा, तो वहां साक्ष्यों के रखरखाव को लेकर राज्य पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में बताया गया कि जो नोट रिश्वत के तौर पर जब्त किए गए थे, उन्हें पुलिस के मालखाने में रखा गया था। लेकिन जब इन नोटों को अदालत में पेश करने की बारी आई, तो पता चला कि उन्हें चूहों ने पूरी तरह से कुतर दिया है। यानी, अपराध को साबित करने वाला सबसे अहम सबूत अब अस्तित्व में नहीं था।

# देशभर में लू का कहर जारी, दिल्ली में पारा 43 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार जा चुका है।

इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं। इधर, दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसके चलते राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में हीटस्ट्रोक यूनिट बनाई गई है। इसमें कूलिंग टब, 200किग्रा बर्फ बनाने की मशीनें और पोर्टेबल आइस पैक भी रखे गए हैं। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8डिग्री रहा। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के 3 जिलों में हीटवेव चल रही है। इससे पहले शुक्रवार को देश का सबसे गर्म शहर उत्तर प्रदेश का प्रयागराज रहा था।




# चाबहार की हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंपेगा भारत!

**नई दिल्ली।** भारत ईरान के चाबहार पोर्ट में अपनी हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम अस्थायी तौर पर उठाया जा सकता है, ताकि अमेरिका के प्रतिबंधों से मिली छूट खत्म होने के बाद भी काम जारी रह सके।

- अमेरिका प्रतिबंध हटने तक जारी रहेगी अस्थायी व्यवस्था
- भारत का चाबहार में 1100 करोड़ का निवेश

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का इस पोर्ट में 1100 करोड़ का निवेश है। भारत सरकार इस मुद्दे पर अमेरिका और ईरान दोनों से अलग-अलग बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत बेहद संवेदनशील है और इसमें शामिल अधिकारियों ने पहचान उजागर करने से इन्कार किया है। भारत को नवम्बर 2025 में छह महीने की छूट मिली थी, जिससे चाबहार पोर्ट पर बिना रुकावट काम होता रहा। यह छूट इस महीने खत्म हो रही है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारत चाबहार प्रोजेक्ट से पूरी तरह बाहर निकलने की योजना नहीं बना रहा है। भविष्य में यहां कनेक्टिविटी बढ़ाने की योजना है, जिसमें रेल लिंक भी शामिल है, जिससे अफगानिस्तान और आगे तक पहुंच मजबूत होगी।

## इस्लामाबाद में अमेरिका से कोई बैठक प्रस्तावित नहीं: ईरान

**तेहरान/इस्लामाबाद।** ईरान ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में किसी भी प्रकार की बैठक प्रस्तावित नहीं है। पाकिस्तान पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिफ मुनीर से द्विपक्षीय वार्ताकर ओमान के लिए रवाना हो गए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक निर्धारित नहीं है। ईरान अपने विचार पाकिस्तान को अवगत कराएगा। यह दौरा क्षेत्र में शांति बहाली और जारी तनाव पर परामर्श के उद्देश्य से किया जा रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में दंपति और पुत्र समेत पांच लोगों की मौत

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र में शनिवार भोर में शादी समारोह से लौट रही एक स्कॉर्पियो सामने से आ रही ट्रेलर से टकरा गई। इस दुर्घटना में पति पत्नी और पुत्र समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गोरखपुर निवासी एक परिवार अपनी बेटी की शादी समारोह में भाग लेने रांची झारखंड गया हुआ था। बीती रात वह लोग रांची से वापस आ रहे थे। शनिवार भोर में मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसातपुर अहिरानी हाईवे पर स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर अपने लेन से निकलकर दूसरी लेन में चला गया और सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान गोरखपुर निवासी विनय श्रीवास्तव, अर्चना पत्नी विनय श्रीवास्तव और पुत्र कृतार्थ श्रीवास्तव के रूप में हुई है। इनके अलावा बिहार के गया जिले के रहने वाले रविन्द्र यादव और पुरुषोत्तम कुमार की भी मौत हो गई।

### श्रीनगर की केंद्रीय जेल से डिजिटल डिवाइस जब्त किए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष खुफिया और जांच शाखा (सीआईके) ने शनिवार को एक आतंकी मामले की जांच के सिलसिले में श्रीनगर केंद्रीय जेल की तलाशी लेते हुए डिजिटल डिवाइस बरामद किए। पुलिस ने बताया कि यह तलाशी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम के तहत गठित श्रीनगर की विशेष अदालत द्वारा जारी वारंट के आधार पर की गई। यह वारंट थाना सीआई कश्मीर में 2023 में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में जारी किया गया था, जिसमें आईपीसी की धारा 153-ए, 505, 121 और 120-बी के साथ-साथ यूए (पी) अधिनियम की धारा 13 और 39 भी शामिल हैं।

# उप्र में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 26 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना, 27 से मिल सकती है फौरी राहत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में 25 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि दिन के समय कई स्थानों पर उष्ण लहर (लू) चलने और कुछ स्थानों पर उष्ण रात्रि की स्थिति बनी रह सकती है।

मौसम विभाग द्वारा शनिवार को जारी हीट वेव बुलेटिन में कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, झांसी, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, बारा. बंकी, रायबरेली, अयोध्या, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, मिर्जापुर, सोनभद्र, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बहराइच, सीतापुर, हरदोई, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हाथरस और एटा समेत अनेक जिलों में लू चलने की संभावना जताई गई है। राजधानी लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी और बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने की संभावना है, जबकि आगरा, मथुरा, इटावा, फिरोजाबाद और अलीगढ़ मंडल में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़ और गौतमबुद्ध नगर में भी तेज गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने के बाद हल्की गिरावट संभव है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि के संकेत हैं। 27 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम बदलने के आसार हैं। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा और बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि 29 और 30 अप्रैल को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने, हल्के सूती वस्त्र पहनने तथा बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। किसानों को गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और सब्जियों की सिचाई नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# शिया सेंट्रल बोर्ड में बड़ा प्रशासनिक सुधार

## लंबित वेतन का भुगतान, वक्फ संपत्तियों को कब्जे से कराया मुक्त

जिया अब्बास जैदी



■ चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में करोड़ों की आय में वृद्धि और पारदर्शिता की नई मिसाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड में चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में प्रशासनिक सुधारों और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। बोर्ड द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, उनकी आय में वृद्धि और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए कई प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। प्रेस नोट में बताया गया कि पूर्व में कर्मचारियों के वेतन का भारी बकाया था, जिसे वर्तमान बोर्ड ने प्राथमिकता के आधार पर निपटाया है। अब कर्मचारियों का नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान में भी तेजी लाई गई है।

चेयरमैन अली ज़ैदी के कार्यकाल में बोर्ड की आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जहां पहले की अवधि में आय लगभग 3.94 करोड़ रुपये थी, वहीं वर्तमान कार्यकाल में यह बढ़कर 6 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। इसके अलावा वक्फ संपत्तियों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए भी अभियान चलाया गया, जिसमें कई संपत्तियों को सफलतापूर्वक कब्जामुक्त कराया गया। बोर्ड ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से खरीद प्रक्रिया लागू की है और ई-ऑफिस सिस्टम को अपनाया है, जिससे कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है। साथ ही शिकायतों के निस्तारण के लिए आईजीआरएस पोर्टल पर 100 प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रेस नोट में यह भी उल्लेख किया गया है कि बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्तियों की आय बढ़ाने के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है और नए वक्फ पंजीकरण की प्रक्रिया भी तेज की गई है। वर्तमान में हजारों वक्फ संपत्तियों का डिजिटलीकरण और सत्यापन कार्य प्रगति पर है। अंत में बोर्ड ने प्रदेश सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चेयरमैन अली ज़ैदी के नेतृत्व में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# आरोपी की आजादी से बड़ा है समाज का हित

श्रीनगर, वार्ता

■ जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट ने खारिज की गैंगरेप आरोपियों की जमानत याचिका

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने रामबन जिले में सामूहिक दुष्कर्म मामले के दो आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया है।

न्यायमूर्ति रजनीश ओसवाल ने नौ पन्नों के फैसले में शाहिद अहमद और मुजमिल अजीज द्वारा दायर अलग-अलग जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन गूल में दर्ज एफआईआर के तहत मुकदमा चल रहा है। यह मामला पीड़िता के साथ बार-बार किए गए यौन शोषण के आरोपों पर आधारित है, जिसके परिणाम स्वरूप उसने एक बच्ची को जन्म दिया। उस बच्ची को बाद में बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया और वर्तमान में उसे रामबन की एक विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में रखा गया है। बेंच ने 'त्वरित सुनवाई' के अधिकार पर भी बात की। कोर्ट ने गौर किया कि एक साल और दो महीने के भीतर लगभग दस गवाहों से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है, जो यह दर्शाता है कि मुकदमे की कार्यवाही उचित गति से आगे बढ़ रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को समुदाय के सामूहिक हित के आगे झुकना होगा। बचाव पक्ष ने दलील दी कि शाहिद अहमद का नाम मूल एफआईआर में नहीं था और पीड़िता ने मुकदमे के दौरान विरोधाभासी बयान दिए थे। वहीं मुजमिल अजीज के वकील ने घटना की रिपोर्ट करने में हुई देरी पर जोर दिया और पीड़िता के बयानों में विसंगतियों की ओर इशारा किया।

## प्रशासन ने सपा के दो विधायकों समेत 46 नामजद किए

# गाजीपुर हिंसा को लेकर गरमाई सियासत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीड़ित परिवार से 29 अप्रैल को मुलाकात करेंगे अखिलेश यादव, मृतका के पिता ने इस मामले में राजनीति न करने की अपील की

**लखनऊ/गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के करंडा थाने के अंतर्गत कटरिया गांव में हुई हिंसा अब राजनीतिक रंग लेती जा रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा समाजवादी पार्टी के दो विधायकों समेत 46 लोगों को नामजद किए जाने के बाद अब समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दौरे को लेकर राजनीति गरमा गई है।

अखिलेश यादव 29 अप्रैल को गाजीपुर जा रहे हैं। इस बीच मृतका के पिता ने प्रशासन की कार्यवाही से संतुष्टि जताते हुए इस मामले में राजनीति न करने की अपील की है। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक पत्र के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 29 अप्रैल 2026 (बुधवार) को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के दौरे पर जाएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत वह दोपहर करीब 1 बजे ग्राम करंडा (थाना करंडा) पहुंचेंगे और वहां पीड़ित सियाराम विश्वकर्मा के परिवार से मुलाक. ात करेंगे। पत्र में संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को इस दौरे की सूचना देते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस बीच सियाराम शर्मा ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान पुलिस की कार्यवाही से संतुष्टि जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि हमने पुलिस को जो तहरीर दी थी, उसी के अनुसार कार्रवाई हुई है और आरोपी इस समय जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि जलाधियाकारी और कप्तान साहब की ओर से आश्वासन मिला है कि इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की तरफ से मदद का भी आश्वासन मिला है। अखिलेश यादव के गाजीपुर दौरे को लेकर भाजपा ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है।

### मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार सपा दंगाइयों के साथ खड़ी है: भाजपा

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हीरो वाजपेयी ने कहा कि अखिलेश यादव के साथ दिक्कत यही है कि वो हमेशा दंगाइयों और बलवाइयों के साथ ही खड़े दिखते हैं। वाजपेयी ने कहा कि गाजीपुर में जो भी घटना हुई, उसमें पुलिस अपना काम कर रही है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़ित परिवार प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्ट है फिर वहां जाकर सियासत करने की उनकी क्या मजबूरी है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र के कटारिया गांव में बुधवार को हुई हिसक झड़प के बाद पुलिस ने समाजवादी पार्टी के दो विधायकों समेत 46 नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया है। आरोपियों पर बलवा, अवैध जमावड़ा, आपराधिक धमकी और लोकसेवक पर हमला करने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 78516.49
निफ्टी 24378.10



सोना 152250
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 249677
प्रति किलो



# देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा: निर्मला सीतारमण

मुंबई, वार्ता



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाजार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मजबूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है।

वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबो. धित करते कहा कि भारतीय बाजारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिग रिग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक और बिखरी हुई निंगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन बाजारों का आकार यात्रा की चुनौतियों से तय हुआ है और इस दौरान उत्पन्न दबावों और अस्थिरता के दौर ने नियमन और बाजार अवसंरचना को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजारों का इतिहास हमें पहले के दशकों के तनावपूर्ण दौर से महत्वपूर्ण सबक भी सिखाता है, जिससे मजबूत नियमन विकसित हुआ। अस्थिरता के दौर ने बेहतर बाजार ढांचा बनाया, चुनौतियों ने बेहतर संस्थानों को जन्म दिया। इसी तरह परिपक्व वित्तीय प्रणालियां सीखते हुए, अनुकूलन करते हुए और अधिक मजबूत बनकर उभरती हैं।ष सेबी की भूमिका को रेखां. कत करते हुए सीतारमण ने कहा कि उसकी प्रभावशीलता केवल उसके अधिकारों की व्यापकता से नहीं, बल्कि उन्हें अनुशासन के साथ लागू करने से आती है।

### गंगा एक्सप्रेसवे: 594 किमी का मेगा कॉरिडोर लोकार्पण को तैयार, मल्टी-पैकेज मॉडल से मिली रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने वाली गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे देश को समर्पित करेंगे। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे देश के सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शुमार है और इसे यूपीडा के प्रभावी क्रियान्वयन और राज्य सरकार की रणनीतिक योजना का सफल उदाहरण माना जा रहा है। करीब 37 हजार करोड़ की लागत से तैयार इस मेगा प्रोजेक्ट को चार प्रमुख पैकेज (ग्रुप) में विभाजित कर निर्माण कार्य को गति दी गई। 'मल्टी-पैकेज' मॉडल इस परियोजना की सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ, जिसने इतने बड़े प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाई। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को चार हिस्सों में विभाजित कर अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से कार्य कराया गया। पहले पैकेज की लंबाई 129.70 किमी है, जिसकी लागत 9 हजार करोड़ से अधिक है। दूसरे पैकेज की लंबाई 151.70 किमी और लागत लगभग 9 हजार करोड़ है।

# चावल नरम, गेहूं व चीनी के भाव बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं और चीनी की कीमतों में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये गिरकर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे की कीमत 16 रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 19 रुपये घट गई। मसूर दाल सात रुपये और चना दाल तीन रुपये घट गई। मूंग दाल 29 रुपये और उड़द दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 108 रुपये और मूंगफली तेल की 66 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 50 रुपये और सूरजमुखी तेल 30 रुपये महंगा हुआ। वहीं पाम ऑयल का भाव 28 रुपये और सरसों तेल का पांच रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी आठ रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7686.02 रुपये, मसूर काली 8085.22 रुपये, मूंग दाल 10208.98 रुपये, उड़द दाल 10826.44 रुपये, तुअर दाल 11230.67 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.79 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3274.52 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.66 रुपये और गुड़ 5044.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17866.06 रुपये, मूंगफली तेल 18916.85 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.11 रुपये, सोया तेल 15002.66 रुपये, पाम ऑयल 13442.13 रुपये और वनस्पति 14965.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पश्चिम बंगाल में फिर आक्रामक तेवर में योगी नदिया में ममता बनर्जी पर साधा निशाना



**नदिया (पश्चिम बंगाल)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि ममता दीदी को इस बात की चिंता है कि अगर हिदुओं की संख्या बढ़ेगी, तो सड़कों पर इफ्तार कैसे होगा।

योगी ने कानून-व्यवस्था ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में भाजपा नेताओं और उम्मीदवारों पर हमले हुए, जिसे पूरे देश ने देखा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चार मई को जब नतीजे आएंगे, तब टीएमसी के गुंडों के पास छिपने की जगह नहीं होगी। बंगाल अब अराजकता को स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी पर बंगाल को 'लूट और कुशासन का प्रतीक' बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य इनसे मुक्त होकर 'डबल इंजन सरकार' को चुने, जो दोगुनी गति से विकास करेगी।

योगी नवद्वीप विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भीषण गर्मी के बावजूद जनसभा में बड़ी संख्या में लोग जुटे। समर्थकों ने 'योगी-योगी' के नारे लगाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने आभार जताया। उन्होंने पहले चरण में 152 सीटों पर हुए रिकॉर्ड मतदान के लिए मतदाताओं को बधाई दी और कहा कि जनता आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने दावा किया कि 4 मई को नतीजों के साथ पूरे बंगाल में भाजपा का परचम लहराएगा। मुख्यमंत्री ने सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़ित हिदू, बौद्ध, जैन और सिख समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने की गारंटी देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने इस कानून का विरोध किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि वे स्थानीय लोगों के अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। योगी ने आरोप लगाया कि बंगाल में दुर्गा पूजा, प्रतिमा विसर्जन और 'जय श्री राम' के नारे पर पाबंदी लगाने की कोशिश होती है। उन्होंने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट को भी इस संबंध में सख्ती के निर्देश देने पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ष्बंगाल की धरती पर मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता। अगर किसी ने को. शिश की, तो सड़कों पर विरोध होगा।

# केजरीवाल इतिहास के सबसे शौकीन: प्रवेश सिंह

नई दिल्ली, वार्ता



■ दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री ने कहा: आप संयोजक नया आवास भी शीशमहल जैसा बनाया

भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इतिहास का सबसे शौकीन व्यक्ति करार देते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने अपना नया आवास भी 'शीशमहल' जैसा बना लिया है। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री एवं भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप का मतलब 'आलीशान आदमी पार्टी' है।

इस दौरान, उन्होंने केजरीवाल के नए आवास की तस्वीर जारी करते हुए उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से की और कहा कि उन्होंने अब यहां दूसरा 'शीशमहल' बना लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल पंजाब चले गए थे। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर श्री केजरीवाल, तथा आप नेता सत्एंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया था। भगवंत मान भी इसके कारण उनसे परेशान थे। गौरतलब है कि अदालत के आदेश के बाद केन्द्र सरकार ने केजरीवाल को दिल्ली में 95, लोधी एस्टेट स्थित सरकारी आवास आवंटित किया था, जिसमें उन्होंने शुक्रवार को परिवार के साथ प्रवेश कर लिया। सिंह ने केजरीवाल के इस आवास की मरम्मत में हुए खर्च को लेकर उन पर हमला बोला। उन्होंने केजरीवाल के इस आवास की तस्वीरें दिखाकर हैरानी जताई और कहा कि वहां भी उन्होंने खूब पैसा खर्च किया है। यह सरक. ारी आवास है, लेकिन इसमें सरकारी पैसा नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि पहले 'शीशमहल' (6, फ्लैग स्टाफ रोड, मुख्यमंत्री आवास) पर भारी खर्च को लेकर जब सवाल उठे, तो केजरीवाल ने दावा किया था कि सजावट का फैसला पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ने लिया था और उन्हें खर्च की जानकारी नहीं थी। अब नए आवास को लेकर वह ऐसा दावा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जो नेता कभी साधारण बंगला भी नहीं लेने की बात करते थे, आज खुद 'शीशमहल' में रह रहे हैं। दिल्ली में कोरोना महामारी, पानी और बिजली की कमी के समय भी केजरीवाल गायब होकर 'शीशमहल' बनाने में लगे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि 'शीश. महल' केजरीवाल के भ्रष्टाचार का सबूत है। मुख्यमंत्री के वेतन से ऐसा आलीशान आवास नहीं बन सकता। उन्हें बताना चाहिए कि इस पर शराब घोटाले का पैसा लगाया गया या नहीं। सिंह ने कहा कि श्री केजरीवाल के अंदर 'शीशमहल' बस चुका है। इस कारण उन्हें दिल्ली और पंजाब की जनता का दुख दिखाई नहीं देता। आप कार्यकर्ता पूरी जिदगी मेहनत करें, तब भी आवास को ऐसा नहीं बना सकते। इस दौरान उन्होंने सवाल किया कि केजरीवाल बताएं कि लोधी रोड वाले बंगले में कितना पैसा लगा है। उन्होंने कहा कि यह पैसा कहां से आया और किसका है? क्या आपकी विलासिता के कारण आप के कार्यकर्ता आपको छोड़ रहे हैं? बार-बार आलीशान शीशमहल बनाने की उन्हें क्या जरूरत पड़ रही है? पहले शीशमहल में शराब का पैसा लगा था, इस बार किसका पैसा लगा है? उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में केजरीवाल सबसे शौकीन व्यक्ति हैं।

# एमएएमसी, लोकनायक व जीबी पंत अस्पताल का होगा पुनर्विकासः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा ढांचे को आधुनिक, सक्षम और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) परिसर के पुनर्विकास के लिए एक व्यापक और समग्र अध्ययन को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री का कहना है कि लगभग 137 एकड़ में फैला यह विस्तृत परिसर केवल मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें लोकनायक अस्पताल, जीबी पंत अस्पताल, गुरु नानक आई सेंटर और मौलाना आजाद दंत विज्ञान संस्थान (एमएआईडीएस) जैसे प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरा परिसर एक आपस में जुड़े हुए स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक तंत्र के रूप में कार्य करता है, जिसके कारण इसके सुनियोजित, एकीकृत और दीर्घकालिक पुनर्विकास की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार ने परिसर के समग्र मूल्यांकन और दीर्घकालिक पुनर्विकास रणनीति तैयार करने के लिए एक कंसल्टेंसी असाइनमेंट को स्वीकृति दी है। यह कार्य तीन चरणों में संपन्न किया जाएगा।मुख्यमंत्री के अनुसार प्रथम चरण में पूरे परिसर के लिए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसमें स्थानीय निकायों के नियम, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के मानदंड और अन्य सभी लागू वैधानिक प्रावधानों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। यह मास्टर प्लान आगामी 30 वर्षों की आवश्यकताओं और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाएगा। दूसरे चरण में परिसर के मौजूदा भवनों का स्ट्रक्चरल ऑडिट और तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा। इसके आधार पर नई अवसंरचना के लिए आधुनिक डिजाइन, लेआउट और पुनर्विकास प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। वहीं, तीसरे चरण में काम शुरू कराने के लिए टेंडर से जुड़े सभी दस्तावेज तैयार किए जाएंगे और पूरी टेंडर प्रक्रिया में तकनीकी मदद दी जाएगी ताकि प्रस्तावित कार्य समय पर और सही तरीके से पूरे हो सकें।इस व्यापक परियोजना के अंतर्गत अस्पताल एवं शैक्षणिक भवनों की योजना और डिजाइन के साथ-साथ बहुमंजिला आवासीय परिसर, छात्रावास, नर्सिंग सुविधाएं, फायर स्टेशन, स्वच्छता प्रणाली, आंतरिक सड़क एवं कनेक्टिविटी, उन्नत सुरक्षा व्यवस्था, कैफेटेरिया, पार्किंग क्षेत्र और मल्टी-लेवल पार्किंग जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

## सिग्नेचर ब्रिज से होंगे दिल्ली दर्शन

**नई दिल्ली।** पिछले आठ साल से उपेक्षा के शिकार रहे सिग्नेचर ब्रिज की तिरछी लिफ्ट प्रणाली लगभग ठप हो गई है। इस ब्रिज का व्यापक तकनीकी सर्वे कराने के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने ब्रिज के बंद पड़े इन्क्लाइंड लिफ्ट सिस्टम (तिरछी लिफ्ट प्रणाली) की मरम्मत और परीक्षण शुरू कर दिया है। विभाग की पूरे ब्रिज की मरम्मत के साथ साथ नियमित रखरखाव की योजना है। करीब आठ माह पहले इस ब्रिज को पीडब्ल्यूडी को सौंपा गया था। इससे पहले दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम इसकी देख रेख कर रहा था। विभाग के अनुसार ब्रिज को सौंपे जाने के बाद इसकी स्थिति का जायजा लिया गया, जिसमें लिफ्ट प्रणाली लगभग ठप पाई गई।

# पंजाबी बाग में आग से सैकड़ों झुग्गियां हुईं राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग इलाके के पास एक झुग्गी बस्ती में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई। इस आग ने देखते ही देखते झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। वहीं, लक्ष्मी नगर पुलिस थाना क्षेत्र के रमेश पार्क में भी तीन इमारतों में आग लगने की घटना सामने आई।

पंजाबी बाग के शकूरबस्ती स्थित रेन बसेरा झुग्गियों में रात करीब 11 बजे आग लगी थी। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को अपने परिवार के सदस्यों को लेकर भागना पड़ा। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और बचाव कार्य शुरू किया।

दमकलकर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस अब आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

साथ ही, आग से हुए नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है। रमेश पार्क की घटना में भी दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। शुक्रवार देर रात लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया था। झुग्गी बस्ती में स्थित सैकड़ों घर इसकी चपेट में आ गए थे। आग की लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी। लोग अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागे।आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। 16 दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित किया और सुरक्षा सुनिश्चित की। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आग के कारणों की जांच जारी है। नुकसान का आकलन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं दूसरी ओर बाहरी दिल्ली में मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास ग्राउंड में जमा कूड़े में शनिवार दोपहर तीन बजे आग लग गई। आग के बाद आसमान काले धुएं से भर गया। जहांगीरपुरी की मछली मार्केट के पास इस ग्राउंट में भारी मात्रा में कूड़ा डाला जाता है। दमकल की दो-तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

# विधानसभा में 'साप्ताहिक यूथ आउटरीच कार्यक्रम' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोकतांत्रिक सहभागिता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली विधानसभा ने 'साप्ताहिक यूथ आउटरीच कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। यह पहल विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई, जिसकी शुरुआत महार्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीता कॉलोनी के 75 विद्यार्थियों के प्रथम दल के विधानसभा भ्रमण से हुई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब हर शनिवार को विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी दिल्ली विधानसभा का दौरा करेंगे, जिससे उन्हें विधायी कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त होगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी समझ को सुदृढ़ किया जा सकेगा।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक विकास से अवगत कराया गया।

उन्हें बताया गया कि वर्तमान विधानसभा भवन का निर्माण वर्ष 1912 में हुआ था, जो पूर्व में केंद्रीय विधान सभा का स्थल रहा है। साथ ही, विट्ठलभाई पटेल की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए यह भी रेखांकित किया गया कि वर्ष 1993 में पुनः स्थापना के बाद से दिल्ली विधानसभा लोकतांत्रिक शासन के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को विधायी प्रक्रियाओं एवं संस्थागत कार्यप्रणाली पर एक संरचित परिचय सत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर 'एक शताब्दी यात्रा' नामक स्मारक कॉफी टेबल पुस्तक भेंट की गई तथा पद्म भूषण से सम्मानित अभिनेता अनुपम खेर की आवाज में तैयार विधानसभा के संस्थागत इतिहास पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया।



**दिल्ली विधानसभा में 'साप्ताहिक यूथ आउटरीच कार्यक्रम' के शुभारंभ अवसर पर भाग लेते महार्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थी।**

## एक नजर

### कैट ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द करने के निर्णय का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उठाया गया एक निर्णायक कदम बताया है। कैट ने कहा कि यह सख्त नियामकीय कार्रवाई उन करोड़ों भारतीयों की मेहनत की कमाई की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, जिन्होंने इस संस्था पर विश्वास कर अपना धन जमा किया था।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि आरबीआई का यह निर्णय बार-बार नियामकीय नियमों की अनदेखी, प्रबंधन संबंधी विफलताओं तथा आरबीआई के निर्देशों की लगातार अवहेलना की गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में भी आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक की बैंकिंग गतिविधियों पर बड़े प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन चेतावनियों और सुधार के अवसरों के बावजूद संस्था आवश्यक सुधार करने में विफल रही, जिसके परिणामस्वरूप यह कार्रवाई करनी पड़ी।

### नेशनल रोड सेफ्टी एजुकेशन एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स विजेताओं की घोषणा की



**नई दिल्ली।** नेशनल रोड़ सेफ्टी मिशन फॉर स्कूल्स 2025-26 का समापन आज नई दिल्ली में नेशनल रोड़ सेफ्टी एजुकेशन एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स 2025-26 के आयोजन के साथ हुआ। 2024 में शुरू किया गया नेशनल रोड़ सेफ्टी मिशन एक राष्ट्रव्यापी, सहयोगपूर्ण एवं गैर-सरकारी पहल है जिसका नेतृत्व तीन संगठनों द्वारा किया जाता है-एजुकेशन टेक्नोलॉजी संगठन एकेडमिया एक्सिस ऐडटेक ; इंटरनेशनल रोड़ फेडरेशन इंडिया चौप्टर, द ग्लोबल रोड़ सेफ्टी एंड ट्रांसपोर्ट बॉडी' और एजुकेशन टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म- एड्युक्सा डॉट एआई। श्रीमति रजनी ठाकुर,प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनआरएसएम; मणित जैन, सह-संस्थापक, हेरिटेज स्कूल्स और 'आई एम अ टीचर' (शिक्षकों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए गैर-लाभकारी संस्था) और कपिला, इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के प्रेजीडेंट एमेरिटस ने माननीय अतिथि के रूप में प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

### द बैनयन ने एआई को अपनाया



**नई दिल्ली।** द बैनयन, भारत की अग्रणी प्रीस्कूल और कॉर्पोरेट डेकेयर प्रदाता, ने आज अपने सभी केंद्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के ऐतिहासिक एकीकरण की घोषणा की। इस पहल के तहत एक उन्नत एआई (एआई) साथी पेश किया गया है, जिसे खास तौर पर सुरक्षित, इंटरैक्टिव और व्यक्तिगत सीखने के अनुभवों के माध्यम से प्रारंभिक बाल शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है। "हमारी सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता अटूट है," स्वाति ने कहा। "एआई के एकीकरण का हर पहलू बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिक विचार बनाकर सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, 2003 में नितेश जैन द्वारा स्थापित और स्वाति जैन के नेतृत्व में संचालित द बैनयन, भारत का प्रमुख प्रीस्कूल और कॉर्पोरेट डेकेयर प्रदाता है। यह 6 महीने से 12 साल तक के बच्चों को सेवाएँ प्रदान करता है।

### सक्रिय चोर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस की पांडव नगर थाने को टीम ने सक्रिय चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से; चोरी के गहने, आई पेड़ और लैपटॉप बरामद किए है। दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल को पांडव नगर थाने में चोरी की एक घटना की सूचना मिली, जिसमें कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक आवासीय मकान के ताले तोड़कर सोने के गहने और नकदी चुरा ली थी।

## आसमान से बरसने लगी आग कुछ दिन नहीं मिलने वाली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस बार अप्रैल महीने में ही भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। दिन के साथ-साथ रात भी गर्म हो रही हैं इस कारण से न्यूनतम तापमान सामान्य से 1. 4 डिग्री अधिक 26 .5 डिग्री सेल्यिस दर्ज किया गया।

इससे पहले शुक्रवार भी इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था। शुक्रवार को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में तापमान और भी ज्यादा दर्ज किया गया था । रिज क्षेत्र सबसे गर्म रहा, यहां तापमान 43.1 डिग्री, आयानगर में 42.5 डिग्री, पालम में 42 डिग्री और लोधी रोड में 41.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। दिन भर सूरज की तपिश ने लोगों का हाल बेहाल किया। कई इलाकों में लू की स्थिति रही। मौसम विभाग ने पहले ही 24 व 25 अप्रैल के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया हुआ है।

वहीं दिन के साथ रात का तापमान भी अधिक होने के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लू चलने की चेतावनी जारी की हुई है। 27 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री तक रहने की संभावना है। 27 अप्रैल को हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ मौसम में बदलाव हो सकता है। 28 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में कुछ गिरावट आ सकती है।

# करोल बाग जोन में किया साइक्लोथॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने करोल बाग जोन में 8 किलोमीटर लंबी साइक्लोथॉन का सफल आयोजन किया, जिससे नागरिकों एवं नगर निगम कर्मचारियों के बीच फिटनेस को बढ़ावा देने तथा स्वच्छ एवं हरित दिल्ली मिशन को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसी दौरान निर्धारित मार्ग पर विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जो दिल्ली नगर निगम के नागरिक सहभागिता और जिम्मेदारी के प्रति के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाता है।



उपायुक्त दिलखुश मीणा ने राजेंद्र नगर से हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन का शुभारंभ किया । दिलखुश मीणा ने ऐसे आयोजनों के महत्व पर बल दिया, जो सामुदायिक भागीदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ाते हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में उत्साही नागरिकों और निगम कर्मचारियों ने भाग लिया। उनकी सहभागिता और ऊर्जा ने शहर में फिटनेस और स्वच्छता अभियानों के प्रति बढ़ती जागरूकता और समर्थन को प्रदर्शित किया।

# लक्ष्मी नगर में आग से कई इमारतें चपेट में, 14को बचाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लक्ष्मी नगर इलाके में शनिवार देर रात एक इलेक्ट्रिक ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। यह आग कई आवासीय इमारतों में फैल गई, जिसके बाद कम से कम चौदह लोगों को सुरक्षित बचाया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, आग की सूचना रमेश पार्क में नानक मोटर के पास रात करीब 12:30 बजे मिली थी। सूचना मिलते ही शुरुआती अग्निशमन इकाइयां तुरंत मौके पर भेजी गईं। हालांकि, आग जल्द ही और तेज हो गई और विकराल रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए कुल सात वाटर टेंडर के साथ अन्य अग्निशमन वाहन भी तैनात किए गए। अधिकारी ने बताया कि आग ट्रांसफार्मर से तीन पड़ोसी आवासीय इमारतों तक फैल गई थी। इस भीषण आग से कुल चौदह फ्लैट प्रभावित हुए। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। अग्निशमन कर्मियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कुल चौदह लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। यह बचाव कार्य शनिवार तड़के चला।

# केजरीवाल पर हमलावर हुए प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला किया। उन्होंने केजरीवाल के नए घर को श्शीश महल 2श बताया और श्रहमान डकैतश से तुलना की। मंत्री वर्मा ने कहा कि दिल्ली लूटने के बाद अब पंजाब में भी दूसरा श्शीश महलश तैयार हो गया है।

प्रवेश वर्मा ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में कोविड लहर के दौरान श्शीश महलश बनवाया था। उस समय दिल्ली के लोग दवाएं मांग रहे थे, लेकिन श्शीश महलश का काम नहीं रुका। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के मतदाताओं ने श्रहमान डकैतश को हराया, तो वह पंजाब चले गए। वहां भगवंत मान के घर के पास चार सरकारी घरों में से एक पर केजरीवाल ने कब्जा कर लिया। अन्य घरों पर सत्येंद्र जैन, संजय सिंह और मनीष सिसोदिया ने कब्जा किया।

वर्मा ने बताया कि पंजाब में भगवंत मान परेशान हैं, क्योंकि केजरीवाल ने वहां भी एक और श्शीश महलश बनवा लिया है। केजरीवाल 24 अप्रैल 2026 को 95 लोधी एस्टेट स्थित बंगले में शिफ्ट हुए हैं। वर्मा ने कहा कि सादगी का दावा करने वाले केजरीवाल अब बेहद आलीशान तरीके से रह रहे हैं। प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी का नाम बदलकर श्आलीशान आदमी पार्टीश करने का सुझाव दिया।

# 7वां सिक्स सिग्मा लीडरशिप समिट व एक्सीलेंस अवॉर्डस 2026 संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को प्रतिष्ठित ताज पैलेस नई दिल्ली में '7वां सिक्स सिग्मा लीडरशिप समिट एवं एक्सीलेंस अवॉर्डस 2026' का अत्यंत भव्य और सफल आयोजन किया गया। यह प्रतिष्ठित समिट स्वास्थ्य सेवा, गुणवत्ता प्रबंधन विशेषज्ञों सशस्त्र बलों के अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं, नीति-निर्माताओ नेतृत्व विकास और नवाचार को समर्पित एक राष्ट्रीय मंच है जिसमें देश के प्रमुख चिकित्सा जगत की हस्तियों ने भाग लिया तथा सास्कृतिक जगत की हस्तियों ने भाग लिया। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि दिनेश के त्रिपठी (चीफ ऑफ नेवल स्टाफ, भारत) रहे उनक आगमन ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढा दिया ।



अपने संबोधन में उन्होंने सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर एवं माउंटेन मेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा देश के दर्गम एवं चनौतीपूर्ण क्षेत्रों में किए जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान लगभग 19,000 फीट की ऊंचाई तक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के प्रयास को अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सेवा न केवल चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता का उदाहरण है, बल्कि यह एक प्रकार का राष्ट्र सेवा की सच्ची भावना को भी दर्शाती है।

# सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आर्ट स्पेक्ट्रा की ओर से सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन आईफैक्स आर्ट गैलरी , दिल्ली मे 24 से 30 अप्रैल तक किया जा रहा है. प्रदर्शनी का उद्घाटन पायल कपूर - इंटीरियर आर्किटेक्ट, गौरव गुप्ता - फाउंडर प्रेसिडेंट ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल ऑफ इंडिया लायंस क्लब दिल्ली वेज, नवरतन अग्रवाल डायरेक्टर बीकानेर वाला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया गया. ,क्यूरेटर, अमृता प्रकाश ने बताया कि प्रदर्शनी मे नए टैलेंट से लेकर सीनियर प्रैक्टिशनर तकख्रजो लोक कला, धार्मिक और स्पिरिचुअल एब्स्ट्रैक्शन, कंटेंपररी प्रैक्टिस और अलग-अलग आर्ट फ्रॉम में काम करते हैं।चुने गए आर्टिस्ट भाग ले रहे हैं और प्रदर्शनी मे 50 से ज्यादा आर्ट वर्क पर्दर्शित हो रहे है. यह प्रदर्शनी ट्रेडिशन और इनोवेशन, इंडिविजुअलिटी और कलेक्टिव स्पिरिट के बीच एक वाइब्रेंट डायलॉग के तौर पर सामने आती है। सुनील कुमार, कपिल लखेरा हशमीत वर्मा, शांति विंजामुरी, शांति श्रीनिवासन, राकेश सोनकुसरे शालू खंडेलवाल, अश्विन कुमार, अरविंद कुमार कृष्णन, दीबा कुरेशी, रुचि गैरोला, अनिमेष देबनाथ, शिखा वर्मा, विजया, विशाखा सहदेव, प्रेरोना सेन, उदभाष मुखर्जी, कविता कटारिया ,प्रिया भारद्वाज,अर्शी खानम,शुभम कौल, योगिता श्रीवास्तव,राहुल बसवाल, कार्तिक सुरभि सैंड सुराणा,आस्था बिदानी,तान्या आनंद आदि कलाकारों ने भाग लिया।



## मल्टी इंफेक्शन डॉक्टरों के लिए बना पहेली

**नई दिल्ली।** अस्पतालों में आए मरीजों की जांच में मलेरिया के साथ डेंगू, चिकनगुनिया या टाइफाइड जैसी दूसरी बीमारियों के लक्षण भी मिले हैं। मल्टी इंफेक्शन डॉक्टरों के लिए सबसे बड़ी पहेली बनता जा रहा है। बीमारी का पता नहीं चलने पर इलाज का का असर भी बेहद धीमा होता है। वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल में हुए हालिया अध्ययन में यह पता चला है। जुलाई 2022 से नवंबर 2023 के बीच किए गए शोध में 4259 बुखार वाले मरीजों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 87 मरीज ( 2.04%) मलेरिया पॉजिटिव पाए गए।

# 17 युगलों का मंगलमय वैवाहिक बंधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानवता, एकत्व एवं आध्यात्मिक आदर्शों के पावन संदेश को साकार करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा दिल्ली के बुराड़ी रोड स्थित ग्राउंड नं. 8 में अत्यंत गरिमामय एवं आध्यात्मिक वातावरण में सादा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया।

यह दिव्य अवसर परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की कृपामयी उपस्थिति एवं आशीर्वाद से आलोकित हुआ। इस पावन आयोजन में 17 नवयुगलों ने एक ही स्थल पर वैवाहिक सूत्र में बंधकर अपने नवजीवन का शुभारंभ किया। सभी दंपत्तियों ने सतगुरु के आशीर्वाद से प्रेम और समर्पण के साथ गृहस्थ जीवन की नई यात्रा प्रारंभ की।

यह समारोह सरलता, समानता, सौहार्द और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रेरणादायी उदाहरण बना। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए फरमाया कि आज का यह सुंदर अवसर केवल 17 जोड़ों का विवाह नहीं, बल्कि परिवारों के सच्चे मिलन का प्रतीक है। ये वे आत्माएँ हैं जो पहले ही निरंकार से जुड़कर एक हो चुकी हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं






फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में इंडस्ट्री 4.0 पर संगोष्ठी, छात्रों को बताए गए भविष्य के करियर के नए रास्ते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया में करियर की नई संभावनाओं को समझाने के उद्देश्य से एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने 14 अप्रैल 2026 को "New Age Careers in Smart Manufacturing and Industry 4.0" विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में बी.टेक (ऑनर्स) सीएसई, एआईएमएल, एआईडीएस, सीएस के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा डिप्लोमा के छात्रों सहित कुल 148 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



संगोष्ठी के मुख्य अतिथि और रिसोर्स पर्सन NAMTECH के रीजनल हेड राकेश तिवारी रहे। उनका स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. कमलेश कुमार गौतम सहित फैकल्टी सदस्यों ने स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट कर किया। अपने संबोधन में राकेश तिवारी ने स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्री 4.0 के बदलते परिदृश्य को सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के जरिए समझाया। उन्होंने ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में बढ़ती संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। यह संगोष्ठी न केवल तकनीकी जानकारी का मंच बनी, बल्कि छात्रों को अपने करियर की दिशा तय करने के लिए प्रेरित भी करती नजर आई।

विश्वविद्यालय के चांसलर महेन्द्र अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान छात्रों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। वहीं प्रो-चांसलर (एडमिन) पियूष श्रीवास्तव ने इसे स्किल डेवलपमेंट की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को इंडस्ट्री के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह आयोजन विश्वविद्यालय की गुणवत्ता-आधारित शिक्षा, उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण और छात्रों के समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जिले में हीट वेव का अलर्ट: स्वास्थ्य विभाग ने जारी की बचाव की एडवाइजरी

**गाजियाबाद।** हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एडवायजरी जारी कर दी है। सीएमओ डॉ. अमित विक्रम की ओर से जारी की गई एडवायजरी में सलाह दी गई है कि 12 बजे से लेकर तीन बजे तक धूप में बाहर न निकलें। अपील की गई है कि सावधान रहें तथा हीट वेव अथवा लू के संबंध में जारी की जा रही चेतावनी पर ध्यान दें। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट कैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सरदर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचानें। यदि मूर्छा या बीमारी अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें।

# नेहरू वल्ड स्कूल में वाषिक हिन्दी नाट्य समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में वाषिक हिन्दी नाट्य समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि समर्पित शिक्षाविद, खेलों की प्रबल समर्थक, समाजसेवी, शालिनी सिंह रहीं। शालिनी जी वर्तमान में नोएडा सिटीजन फोरम की कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। इनका एक कविता संग्रह 'बेबाक हू बेअदब नहीं' नाम से अभी हाल ही में प्रकाशित हुआ है। इसके अतिरिक्त नेहरू वर्ल्ड स्कूल के पूर्व विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम के अतिथि थे, जिन्होंने 11 साल पहले इस नाटक का सफल मंचन किया था। नाटिका का आरंभ एक प्रेरणादायी गीत से हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हेड सूजन होम्स तथा सीनियर विभाग की प्रधानाध्यापिका मंजुला सिंह ने स्कूल का स्मृति चिह्न देकर



आमंत्रित अतिथियों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने स्कूल की वार्षिक रिपोट प्रस्तुत की। श्बोलश प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति और स्वदेशी का भाव जागृत करना ही इस नाटक प्रमुख उद्देश्य था। औपनिवेशिक शासन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह नाटक उन अनगिनत व्यक्तियों के संघर्षों को दर्शाता है जिनकी आवाजें दबाई गईं, फिर भी कभी खामोश नहीं हुई।

वास्तव में यह नाटिका मुंशी प्रेमचंद की कहानी श्जुलूसश पर आधारित थी। इसकी विशेष बात यह थी कि इसमें श्फैज अहमद फैजश की शायरी श्बोल कि लब हैं आजाद तेरे को भी शामिल किया गया। इस गोत के माध्यम से ब्रिटिश इंडिया के समय में उन भारतीयों को जागरुक करते हुए दिखाया गया है, जो भारतीयों द्वारा ब्रिटिश शासन के विद्रोह को अराजकता मानते थे।

कक्षा 9 से 12 के लगभग 40 विद्यार्थियों ने प्रतिशोध, साहस और मानवीय आवाज की भावना से परित नाटक श्बोलश में अपनी अद्भुत प्रतिभा का परिचय दिया और अपने भावपूर्ण एवं मोहक अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध एवं भावुक कर दिया।

अतिथियों तथा अभिभावकों ने कार्यक्रम को खूब सराहा। अंत में प्रिंसिपल सीनियर स्कूल श्रीमती मंजुला सिंह ने सभो का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें देशभक्ति का भाव बनाए रखने की बात कही।

# पृथ्वी दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण व 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' पहल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर विजया स्वप्न फाउंडेशन ने नगर निगम गाजियाबाद की टीम के सहयोग से लोहिया नगर स्थित भगत सिंह पार्क में एक भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना तथा हरित भविष्य की दिशा में सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के सदस्यों एवं नगर निगम की टीम ने मिलकर अनेक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही, विजया स्वप्न फाउंडेशन की टीम द्वारा "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें बेकार वस्तुओं से उपयोगी एवं सजावटी उत्पाद तैयार कर 'रीयूज, रिड्यूस और रीसायकल' के संदेश को बढ़ावा दिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को कचरे के




सही प्रबंधन और सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियाँ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और पर्यावरण को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आएं और अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव कर पृथ्वी को सुरक्षित बनाने में योगदान दें।

# प्रोफेसर पंकज त्यागी बने विधि संकाय के डीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के विधि संकाय में प्रोफेसर पंकज त्यागी जी को डीन नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर एम.एम.एच. कॉलेज, गाजियाबाद में हर्ष की लहर है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय सिंह एवं समस्त शिक्षकगण ने प्रोफेसर त्यागी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। प्राचार्य प्रो. संजय सिंह ने कहा, ष्प्रोफेसर पंकज त्यागी की विद्वता, गहन अनुभव एवं कुशल नेतृत्व क्षमता से विधि संकाय निश्चित ही नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। उनके मार्गदर्शन में विधिक शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता और अधिक सुदृढ़ होगी। समस्त एम.एम.एच. परिवार ने प्रोफेसर त्यागी के उज्ज्वल कार्यकाल एवं यशस्वी भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर डॉ. राजपाल त्यागी, प्रोफेसर अपर्णा मल्होत्रा, प्रोफेसर सुनैना त्रिसाल, प्रोफेसर रीमा अग्रवाल, प्रोफेसर शालू त्यागी, डॉ.पूनम चौधरी, डॉ.उमेश भाटी, डॉ. अनिल सिंह, डॉ.प्रीति रावत, डॉ.नेपाली उपस्थित रहे।

# इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन ने किया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईआईए के द्वारा 56वीं मंथन बैठक का आयोजन लेबर कोड 2026 वित्तीय समाधान एवं सौर हरित ऊर्जा पर किया गया। उद्यमियों, श्रमिकों एवं प्रशासन के समन्वय हेतु श्रम विभाग के अधिकारियों (जितेंद्र सिंह और हंसराज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, श्रम विभाग) की उपस्थिति के साथ-साथ बैंकिंग और ऊर्जा विशेषज्ञों का एक मंच पर आना यह दर्शाता है कि आईआईए गाजियाबाद चौप्टर उद्योगों के 360-डिग्री विकास पर काम कर रहा है। यह बैठक गाजियाबाद के औद्योगिक विकास और श्रम कल्याण के बीच संतुलन बनाने के लिए एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम की शुरुआत बी-2-बी




नेटवर्किंग सत्र से हुई, जिसमें उद्यमियों ने आपसी व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। चौप्टर चेयरमैन संजय अग्रवाल ने अपने संबोधन में गाजियाबाद के औद्योगिक विकास में आईआईए की भूमिका को रेखांकित किया। आईआईए के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंघल ने एमएसएमई के समक्ष आने वाली चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आईआईए टीम द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों, आईडीएफसी बैंक सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। सत्र का मुख्य आकर्षण श्रम प्रवर्तन अधिकारियों का संबोधन रहा। उन्होंने नए श्रम संहिता 2026 पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए नए नियमों और उनके कार्यान्वयन के बारे में उद्यमियों की शंकाओं का समाधान किया। यह जानकारी मंथन बैठक के उद्देश्यों को ओर भी स्पष्ट करती है। इस सत्र में न केवल कानूनी अनुपालन, बल्कि उद्यमियों की वित्तीय जरूरतों और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि हमारे चौप्टर के लिए गर्व का विषय है कि गवर्निंग काउंसिल की अनुशंसा पर यूनिवर्सिटी सोसाइटी इंटरलिंकेज कंसोर्टियम ने हमारे निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल को डॉक्टोरल स्ट्रैटम से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें एमएसएमई के विकास और नीतिगत सुधारों के प्रति समर्पित सेवा, जिसने एक स्थायी प्रभाव डाला है; जिसने समाज को सशक्त बनाया है, औद्योगिक प्रगति को गति दी है, और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया है, हेतु क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए दिया गया है। यह सम्मान समस्त विशेषाधिकारों और उत्तरदायित्वों के साथ प्रदान किया गया है। इस अवसर पर 50 से अधिक उद्यमी उपस्थित रहे एस.के. शर्मा, मनोज कुमार, प्रदीप गुप्ता, संजय बंसल, मोहित गुप्ता, अजिन थोमस, राकेश कुमार, नलिन गोयल, विनीत माहेश्वरी, विपुल सिंघल, आरएस अग्रवाल, रोहित अग्रवाल इत्यादि रहे।

# भोजपुर पीएचसी में हुआ कैंसर स्क्रीनिंग मोबाइल वैन का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह जी द्वारा कैंसर स्क्रीनिंग मोबाइल वैन (क्रिकेटर युवराज सिंह फाउंडेशन) का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को उनके घर के नजदीक ही कैंसर की प्रारंभिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे समय रहते रोग की पहचान कर उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

उद्घाटन के उपरांत जानकारी दी गई कि यह कैंसर स्क्रीनिंग मोबाइल वैन आगामी दिनों में कल्छिना, नाहाली, तोड़ी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर के अंतर्गत विभिन्न गांवों में जाकर महिलाओं की निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग करेगी। इस दौरान विशेष रूप से स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की



जांच पर बल दिया जाएगा। साथ ही महिलाओं को कैंसर के लक्षणों, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि शर्मा द्वारा बताया गया कि वर्तमान में बढ़ती गर्मी एवं लू (हीट वेव) के प्रभाव को देखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधा हेतु एक विशेष कोल्ड रूम की स्थापना की गई है। जिससे गर्मी से राहत मिल सके।

ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह जी द्वारा कोल्ड रूम का निरीक्षण किया गया तथा वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी है और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच एवं गुणवत्ता में सुधार होगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आमजन, विशेषकर महिलाओं को कैंसर की समय पर जांच कराने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के बी.डी.एस. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने हेतु प्रख्यात वक्ता डॉ ऐश्वर्या आर्या द्वारा एक गेस्ट लेक्चर प्रस्तुत किया गया, जिसका विषय ''मैग्निफिकेशन इन डेन्टिस्ट्री'' था। इस लेक्चर में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। आई.टी.एस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव हो सका। डॉ ऐश्वर्या आर्या ने अपने शैक्षणिक करियर की शुरुआत रूट क्राउन फाउंडेशन नामक एक एकेडमी के माध्यम से की, जिसका



उद्देश्य छात्रों को रूट कैनाल उपचार एवं क्राउन प्रिपरेशन की बारीकियों को समझाना है। इस मंच के माध्यम से उन्होंने जमश. ेदपुर में सात छात्रों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया है, जिसमें व्याख्यान, हैंड्स-ऑन डेमोंस्ट्रेशन तथा एंडोडोंटिक कौशल में प्रमाणन शामिल है। लेक्चर के दौरान डॉ ऐश्वर्या ने सभी छात्रों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में मैग्निफिकेशन की भूमिका के बारे में गहन जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इसके उपयोग से मरीज को न केवल अधिक देखने में, बल्कि अच्छी तरह देखने में भी मदद मिलती है। मैग्निफिकेशन डिवाइस का अनुप्रयोग एंडोडोंटिक्स में मुख्य रूप से दृश्य वृद्धि और बेहतर एर्गोनॉमिक्स के लिये है।

## महामाया स्टेडियम में पानी संकट: भीषण गर्मी में प्यासे खिलाड़ी अभ्यास प्रभावित

**गाजियाबाद।** भीषण गर्मी के बीच महामाया स्टेडियम में अभ्यास के लिए पहुंच रहे खिलाड़ियों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। स्टेडियम में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविर संचा. लित हो रहे हैं, लेकिन पिछले करीब एक सप्ताह से वाटर कूलर खराब होने के बावजूद खिलाड़ियों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। खेल अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों को प्यास लगने पर मजबूरन स्टेडियम से बाहर कुछ दूरी पर स्थित पेट्रोल पंप के वाटर कूलर से पानी लाना पड़ता है। अभ्यास के लिए पहुंचने वाले खिलाड़ी अपने बैग में घर से पानी की बोतल भरकर लाते हैं, लेकिन कड़ी मेहनत और गर्मी के कारण बोतल खाली हो जाने पर फिर से पानी भरने के लिए अपने साथियों की बोतलें बैग में रखकर स्टेडियम के बाहर जाना पड़ता है।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में वार्षिक खेल दिवस 2026-27 का आयोजन अत्यंत उत्साह, ऊर्जा एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय बैंड की सुमधुर धुनों एवं आकर्षक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने समूचे वातावरण को उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने हेतु विद्यालय के आदरणीय चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (क्रिएटिव एवं एक्सपीरिएंशियल प्रोग्राम्स) मो. निका जैन, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन एवं स्कूल मैनेजर प्रणव जैन तथा प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

खेल दिवस का औपचारिक शुभारंभ खेल मशाल प्रज्वलन के साथ किया गया, जो एकता, उत्साह और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रतीक है। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को राष्ट्रप्रेम की भावना से अभिसिंचित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न ड्रिल गति. विधियाँख्रयोग, स्केटिंग, फुटबॉल, बास्केटबॉल, तीरंदाजी तथा ताइक्वांडो-ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों की अनुशासन, समन्वय, लय, शक्ति एवं कौशल का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

तत्पश्चात खेल भावना को सुदृढ़ करने हेतु सभी प्रतिभागियों ने खेल शपथ ग्रहण कर निष्पक्षता, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का संकल्प लिया।

विद्यालय के आदरणीय चेयरमैन, डॉ. सुभाष जैन ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से सीखे गए मूल्य उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सहायक होंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह एवं समर्पण के लिए बधाई दी।

डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन एवं स्कूल मैनेजर प्रणव जैन ने




सभी प्रतिभागियों के अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा शिक्षकों एवं आयोजन टीम के प्रयासों को भी सराहा। प्रधानाचार्या डॉ. गीता जोशी ने अपने संदेश में कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं, जो विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्कॉलर बैज प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

अंततः, यह आयोजन न केवल खेल प्रतियोगिता का मंच बना, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीम भावना एवं नेतृत्व कौशल को विकसित करने का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। पूरे कार्यक्रम ने विद्यालय की समग्र शिक्षा, उत्कृष्टता एवं सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित किया।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम रुखसार (Rukhsar) से बदलकर रुखसार बेगम (Rukhsar Begam) कर लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम रुखसार बेगम (Rukhsar Begam) से जाना पहचाना जाए।

**रुखसार बेगम (Rukhsar Begam) पत्नी मो. इरफान निवासी-416 ब्लॉक 4 अशोक विहार लोनी देहात गाजियाबाद।**

# शेल कंपनी नेटवर्क का पर्दाफाश, डमी डायरेक्टर पकड़े

■ 16 करोड़ रुपये के लेनदेन का भी पता चला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला की साइबर थाना पुलिस ने म्यूल अकाउंट और शेल कंपनी नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए दो डमी डायरेक्टर सोनू कुमार औंर अमिन्दर सिंह को गिरफ्तार किया है।

वहीं सिर्फ 8 दिनों में 16 करोड़ के लेन-देन का भी पता लगाया है। पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाकर उनको पकडने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस नेटवर्क में म्यूल बैंक अकाउंट और शेल कंपनियों का इस्तेमाल करके पूरे भारत और विदेशों में धोखाधड़ी से कमाए गए पैसों को इधर-उधर भेजा जाता था और उनकी मनी लॉन्ड्रिंग की जाती थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और म्यूल हंटिंग अभियान के तहत से कुछ पुख्ता सबूत मिले थे। जिसको लेकर एक मामला दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि उक्त अकाउंट कई राज्यों की 336 शिकायतों से जुड़ा हुआ था, और पैसों के लेन-देन की कड़ी के विभिन्न स्तरों पर इसकी भूमिका सामने आई। एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में एसएचओ गोविंद सिंह के निर्देशन में संदिग्ध बैंक खातों तक पहुंचा गया। परिणाम स्वरूप, शेल कंपनी के संचालन में मदद करने वाले मुख्य आरो. पियों सोनू कुमार औंर अमिन्दर सिंह को गिरफ्तार किया। जो कंपनी के डमी डायरेक्टर के तौर पर काम कर रहे थे। जिनके कब्जे से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किये। पूछताछ करने पर पता चला कि वित्तीय गतिविधियां कंपनी की घोषित व्यावसायिक प्रोफाइल से मेल नहीं खातीं।

मनी ट्रेल के विश्लेषण से 35 से अधिक संदिग्ध शेल कंपनियों के साथ जुड़ाव का पता चला है। लेन-देन से एक बहु-स्तरीय मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की संलिप्तता का संकेत मिलता है, जो कई खातों और बैंकों के माध्यम से सैकड़ों करोड़ रुपये का लेन-देन करता है। ऐसी शेल कंपनियों के संच. ालन के मुख्य केंद्र पीतमपुरा, रानी बाग और एनएसपी इलाकों में पहचाने गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि असल में आरोपी व्यक्ति एक सुनियोजित साइबर धोखाधड़ी सुविधा नेटवर्क का हिस्सा थे। ये कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोगों को निशाना बनाते थे। उन्हें नौकरी के प्रस्तावों, कमीशन या आसानी से पैसे कमाने के अवसरों का लालच दिया करते थे। ऐसे लोगों को शेल कंपनियों में डमी डायरेक्टर बनाया गया और उनके नाम पर बैंक खाते खोले गए।

बैंक खाते उनके केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग करके खोले गए थे। जबकि पंजीकृत मोबाइल नंबर,ईमेल आईडी,नेट बैंकिंग और यूपीआई तक पहुंच पूरी तरह से उनके हैंडलर्स के नियंत्रण में थी। इन खातों का संचालन दूर बैठकर किया जाता था, और अक्सर यह काम अंतर-राज्यीय और विदेशी साइबर अपराधी गिरोहों द्वारा किया जाता था। इन सभी खातों का इस्तेमाल पीडिघ्तों से से धोखाधड़ी से प्राप्त धन प्राप्त करना,कई खातों में धन को तेजी से भेजना, लेन-देन के सबूत मिटाने के लिए अन्य फर्जी संस्थाओं को धन हस्तांतरित करना, फर्जी निदेशकों को लेन-देन की कोई जानकारी या नियंत्रण नहीं था और उन्हें उनकी भूमिका के लिए नाममात्र की राशि का भुगतान करना था।

# कार की टक्कर से बैटरी रिक्शा चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मॉडल टाउन इलाके में जीबी पंत अस्पताल के डॉक्टर ने अपनी आई 20 कार से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक नागेंद्र (36) की मौत हो गई।

वहीं, पांच सवारी घायल हो गए। घटना के बाद डॉक्टर ने घायलों को अपनी कार से पास के विनायक अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर सिद्धार्थ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे पुलिस को रिंग रोड स्थित नारंग आई हॉस्पिटल के पास सड़क हादसे की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही मॉडल टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में पता चला कि शाम करीब 6:00 बजे आई 20 कार की टक्कर एक बैटरी रिक्शा से हो गई। जिससे रिक्शा पलट गया। इस घटना में रिक्शा चालक और पांच यात्री घायल हो गए। कार चालक ने तुरंत अपनी गाड़ी से सभी घायलों को विनायक हॉस्पिटल पहुंचाया।

इलाज के दौरान रिक्शा चालक की मौत हो गई। वह परिवार समेत मुकुंदपुर में रहते थे। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। वहीं, घायल दो महिलाएं और तीन बच्चे का इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## विधायक का वॉट्सएप हैक कर रिश्तेदारों से ठगे हजारों रुपय

**नई दिल्ली।** विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओम प्रकाश शर्मा का वॉट्सएप अकाउंट हैक कर साइबर ठगों द्वारा लोगों से पैसे मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ठगों ने विधायक के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर उनके संपर्कों को संदेश भेजे और यूपीआई ना चलने का बहाना बनाकर छप्पन हजार रुपये की मांग की। संदेश में यह भी कहा गया कि दो घंटे के भीतर रकम वापस कर दी जाएगी, ताकि लोग झांसे में आ जाएं। कुछ लोगों को पार्सल के बहाने धमकी भरे संदेश भेजे जाने की बात भी सामने आई है, जिससे मामले की गंभीरता बढ़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक ने तुरंत प्रीत विहार थाने में शिकायत दी।

# हम नहीं केजरीवाल हैं गद्दार: स्वाती मालिवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राघव व अन्य 6 सांसदों द्वारा आप छोड़ भाजपा में जाने के एलान से आम आदमी पार्टी पूरी तरह हिल गई है। इन सात सांसदों में स्वाति मालीवाल भी हैं। आज उन्होंने पत्रकारों से बात कर यह बता दिया कि वह आप छोड़ चुकी हैं और भाजपा में शामिल हो रही हैं। उन्होंने बताया वह भाजपा की कार्यकर्ता हैं। पत्रकारों से बातचीत में राज्यसभा सांसद स्वाती मालिवाल ने कहा, श्मैंने आम आदमी पार्टी छोड़ दी है और मैं भाजपा में शामिल हो गई हूं। 2006 से मैं अरविंद केजरीवाल के साथ काम कर रही थी, अपना घर छोड़ा, नौकरी छोड़ी, 7 साल झुग्गियों में रही और हर आंदोलन में उनका साथ दिया लेकिन अरविंद केजरीवाल ने अपने ही घर में मुझे एक गुंडे से पिटवाया। स्वाति ने आगे बताया, श्जब मैंने इसके खिलाफ आवाज उठाई तो मुझे डराया, धमकाया गया। इसके चलते 2 साल में मुझे एक बार भी पार्टी के समय से संसद में बोलने का मौका नहीं दिया गया। अरविंद केजरीवाल महिला विरोधी हैं, वे देश में झूठ, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के लिए जाने जाते हैं।



**'चिंतन शिविर' में विचार-विमर्श करते समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण, सहकारिता एवं चुनाव मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह।**

# स्वच्छता कर्मियों की सामाजिक न्याय कार्यक्रमों को मिलेगा नया बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय 'चिंतन शि. विर' के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर हुए व्यापक विचार-विमर्श में दिल्ली सरकार की ओर से समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण, सहकारिता एवं चुनाव मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने सक्रिय सहभागिता की। आज आयोजित सत्रों में छात्रवृत्ति वितरण एवं शिक्षा तक पहुंच, नशा मुक्त भारत इकोसिस्टम, स्वच्छता कार्य में गरिमा, मिशन जीरो के तहत स्वच्छता संबंधी मौतों की रोकथाम, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल तथा दिव्यांग बच्चों के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वच्छता कर्मियों के जीवन में ठोस सुधार लाने, उनके कार्यस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस चिंतन शिविर में साझा किए गए अनुभव और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां दिल्ली में नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।इस दौरान चिंतन शिविर में प्रौद्योगिकी आधारित पहलों पर भी विशेष जोर दिया गया। 'स्माइल-बेगरी सर्वे मोबाइल एप्लिकेशन' का शुभारंभ किया गया, जो भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों के सर्वेक्षण, पुनर्वास और निगरानी को डिजिटल रूप से सशक्त करेगा। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि इस प्रकार की डिजिटल पहलें दिल्ली में भी लागू की जाएंगी, जिससे आश्रय गृहों, पुनर्वास केंद्रों और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पारदर्शिता, निगरानी और प्रभावशीलता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## ट्रैफिक पुलिस के एएसआई को टक्कर मार वाहन चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जीटीबी एन्क्लेव इलाके में लाल बत्ती पर गाड़ियों की तलाशी के दौरान कार चालक ने यातायात पुलिस के एएसआई को टक्कर मार दी। एएसआई ने कार को रुकने का इशारा किया था। टक्कर लगते ही एएसआई कार के बोनट पर गिर गए। इसके बावजूद चालक कार नहीं रोकी और कार की स्पीड बढ़ा दी। एएसआई ने कार में लगे वाइपर पकड़कर अपनी जान बचाई। इस दौरान चालक उन्हें करीब सौ मीटर तक घसीटता रहा। कार का वाइपर टूट जाने पर वह नीचे गिर घायल हो गए। आरोपी चालक कार समेत भाग गया।

# एक्स मुस्लिम की आड़ में 26 साल फरार रहा सलीम वास्तिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एआरएससी क्राइम ब्रांच ने 31 साल पुराने अपहरण और हत्या के मामले में एक आजीवन कारावास फरार हत्यारे को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विवादित सामाजिक कार्यकर्ता और यूट्यूबर सलीम खान उर्फ सलीम अहमद उर्फ सलीम वास्तिक (54 वर्ष) के रूप में हुई है। सलीम ने वर्ष 1995 में 30,000 रुपये की फिरौती के लिए एक व्यवसायी के 13 वर्षीय बेटे का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। यह गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित लोनी से हुई है। यह मामला 21 जनवरी, 1995 को थाना गोकुलपुरी, दिल्ली में दर्ज किया गया था। मृतक संदीप बंसल 20 जनवरी, 1995 को अपने घर से रामजस स्कूल जा रहा था। वह शाम तक घर नहीं लौटा, जिससे परिवार चिंतित हो गया। अगले दिन 21 जनवरी को संदीप के पिता सीताराम को फिरौती के लिए फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि संदीप उनके कब्जे में है और 30,000 रुपये की फिरौती मांगी।



यह रकम शाम 4:30 बजे लोनी फ्लाईओवर के पास बस स्टैंड पर रखने का निर्देश दिया गया। पुलिस को सूचना देने पर बच्चे को मारने की धमकी भी दी गई थी। जांच के दौरान रामजस स्कूल के मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सलीम खान पर शक हुआ। एक पड़ोसी ने संदीप को श्मास्टरजीश नामक लंबे व्यक्ति के साथ रिक्शे में जाते देखा था। पुलिस ने सलीम खान से पूछताछ की, जिसके बाद उसने खुलासा किया। मुस्तफाबाद के भगीरथी वाटर पंप के पास एक नाले से संदीप का शव बरामद किया गया। पिता ने शव की पहचान की। आगे की जांच में सह-आरोपी अनिल का नाम सामने आया। अनिल ने 4 फरवरी, 1995 को अदालत में आत्म समर्पण कर दिया। उसकी झुग्गी से मृतक की घड़ी, टिफिन बॉक्स और स्कूल बैग बरामद हुए। जांच में पता चला कि फिरौती की कॉल अनिल ने की थी और उसी ने अपहरण का सुझाव दिया था।

जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। 5 अगस्त, 1997 को कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.एल. भायाना ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। उन्हें आजीवन कारावास और 10,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। दोनों आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ अपील की। अपील लंबित रहने के दौरान सलीम खान को 24 नवंबर, 2000 को अंतरिम जमानत मिली। हालांकि, वह वापस अदालत में पेश नहीं हुआ और फरार हो गया।

# आतिशी ने किया साहिब सिंह सिंह के आरोपों को खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज किया है। प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास को लेकर आरोप लगाए थे। आतिशी ने इन दावों को श्फर्जीश बताया है।

आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने भी भाजपा में शामिल हुए सात सां. सदों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आप के सच्चे स्वयंसेवक सरकारी एजेंसियों से कभी नहीं डरेंगे। भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने केजरीवाल के नए टाइप-सात सरकारी बंगले को श्शीश महल भाग दोश कहा था। उन्होंने केजरीवाल पर दिल्ली के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया।प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल के साधारण जीवन जीने के वादे को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने सरकारी सुविधाओं का उपयोग न करने का वादा किया था। अब वे 95 लोधी एस्टेट में एक नए बंगले में रहते हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि बंगले में निवेश किया गया पैसा सरकारी नहीं, बल्कि निजी है।

## पति ने पत्नी को चाकू से गोदा, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खजूरी खास इलाके में एक महिला पर पति द्वारा चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना सोनिया विहार के ए-ब्लॉक की है, जहां 38 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को तत्काल जेपीसी अस्पताल ले जाया गया।

वहां से उसे जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया, जबकि फिलहाल उसका इलाज एम्स में चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

# पंजाब किंग्स ने 265 रनचेंज कर IPL में रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले गए हाई-स्कोरिंग मुकाबले में पंजाब किंग्स ने इतिहास रचते हुए 265 रनों के विशाल लक्ष्य को हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी सफल रनचेज बन गई।





के एल राहुल की नाबाद 152 रनों की विस्फोटक पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 264/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। उनके साथ नितीश राणा ने 91 रन की अहम पारी खेली और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए दोहरी शतकीय साझेदारी हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। प्रभसिमरन सिंह ने महज 18 गेंदों में अर्धशतक जड़ते हुए टीम को तेज शुरुआत दिलाई, जबकि प्रियांश आर्य ने भी 43 रनों का योगदान दिया। प्रभसिमरन ने 76 रनों की तूफानी पारी खेली। मध्यक्रम में श्रेयस इयर ने जिम्मेदारी संभाली और टीम को जीत की ओर आगे बढ़ाया। हालांकि नेहाल वधेरा के आउट होने से थोड़ी देर के लिए दबाव बना, लेकिन पंजाब की रनगति लगातार ऊंची बनी रही।

दिल्ली की ओर से कुलदीप यादव और अक्सर पटेल को विकेट जरूर मिले, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे।

इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा कायम रखते हुए लगातार जीत का सिलसिला जारी रखा और अंक तालिका में शीर्ष स्थान को और मजबूत किया। वहीं दिल्ली कैपिटल्स को एक और हार का सामना करना पड़ा।

# चरित्र ही 2047 के भारत को दिशा देगा: विधानसभाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज (प्रातः), दिल्ली विश्वविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे मूल्यों पर आधारित "विकसित भारत" के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। यह कार्यक्रम नेहरू नगर स्थित कॉलेज के नये सभागार में आयोजित किया गया।अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब देश की जिम्मेदारी आज के युवाओं के कंधों पर होगी। उन्होंने कहा, "विकसित भारत केवल उपाधियों से नहीं बन सकता; इसके लिए शिक्षा के साथ-साथ सुदृढ़ चरित्र की भी आवश्यकता है। शिक्षा हमें मार्ग दिखाती है, जबकि चरित्र उस मार्ग पर दृढ़ता से चलने की शक्ति देता है।"गुप्ता ने कहा कि पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि महर्षि दयानंद सरस्वती की वैचारिक विरासत का जीवंत प्रतीक है, जिनकी 'मूल्यों की ओर लौटने' की प्रेरणा आज भी प्रासंगिक है।

# चोरी के फोन में व्हाट्सएप से धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली के कैलाश हिल्स में हुए सनसनीखेज मामले की गुत्थी सुलझाने में अनुभवी अधिकारियों की सूझबूझ और जमीनी पड़ताल काम आई। इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और सर्विलांस के सहारे जब जांच आगे नहीं बढ़ पाई, तब अनुभवी अधिकारियों की सूझबूझ से जघन्य अपराधी धरा गया। कई टीमों की लगातार मेहनत और बारीक विश्लेषण के बाद पुलिस आरोपी राहुल मीणा तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो सका।दक्षिणी रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय कुमार ने बताया कि आरोपी राहुल को जिले के स्पेशल स्टाफ प्रभारी राजेंद्र सिंह डागर की टीम ने पकड़ा है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजेंद्र सिंह डागर के जेहन में सबसे पहले सवाल आया कि आरोपी कहां जा सकता है।

वारदात के बाद गांव भागने के सवाल को डागर ने पहले ही खारिज कर दिया। इसकी वजह दोस्त की पत्नी से दुष्कर्म करके भागना है। गुरुग्राम में उसका चाचा रहता है। वहां जाने की संभावना के बीच पहले एक टीम गांव भेजकर पता लगाया कि चाचा से उसके रिश्ते कैसे हैं।

दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी गांव से अपने पड़ोसी का फोन उठा लाया था और अपना फोन गांव में छोड़ दिया था। उसने मोबाइल से सिम निकाल दिया था। मोबाइल फोन में व्हाट्सएप था।

## पेटीएम सेवाएं पूरी तरह चालू

**नई दिल्ली।** पेटीएम ने कहा कि पेटीएम बैंक बैंक पर नियामकीय कार्रवाई का कंपनी पर कोई वित्तीय, व्यावसायिक या परिचालन प्रभाव नहीं पड़ा है और इसकी सभी सेवाएं बिना किसी रुकावट के चल रही हैं। पेटीएम ऐप और इसकी सभी सेवाएं, जिनमें पेटीएम यूपीआई , पेटीएम गोल्ड और इसकी सहायक एवं संबद्ध कंपनियों द्वारा दी जाने वाली सेवाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं।

# भाजपा ने किया संविधान के खिलाफ काम: संजय सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़ने पर आप नेता संजय सिंह का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि नियमों के खिलाफ सांसद भाजपा में गए हैं। भाजपा ने संविधान के खिलाफ काम किया है। भाजपा आम आदमी पार्टी के पीछे पड़ी है।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, ष्कल आपने देखा कि किस तरह गैर-संवैधानिक, गैर-कानूनी और नियमों के खिलाफ जाकर सात लोगों ने घोषणा की कि वे ठश्रच में शामिल होंगे। यह पूरी तरह से गैर-कानूनी है, और दलबदल विरोधी कानून में साफ तौर पर कहा गया है कि विधानसभा और संसद के भीतर किसी भी तरह के विभाजन, अलग हुए गुट या किसी भी तरह की टूट को लोकसभा में मान्यता नहीं दी जा सकती, 10वीं अनुसू. ची में भी यह बात साफ तौर पर कही गई है... इसीलिए आज मैं राज्यसभा के सभापति, यानी उपराष्ट्रपति को एक पत्र लिखूंगा, जिसमें इन सातों राज्यसभा सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग की जाएगी। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, ष्आम आदमी पार्टी गुजरात में लगातार अपना विस्तार कर रही है।

# आईपीएल मुकाबले में लुंगी एनगीडी गंभीर रूप से चोटिल

**संदीप शर्मा**

**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेले जा रहे मैच में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दिल्ली के स्टार तेज गेंदबाज लुंगी एनगीडी फील्डिंग के दौरान घायल हो गए।

यह घटना उस समय हुई जब पंजाब के ओपनर प्रियांश आर्य का कैच लेने के प्रयास में एनगीडी तेजी से आगे बढ़े। कैच पकड़ने की कोशिश में उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सिर के बल जमीन पर गिर पड़े। गिरते ही वह दर्द से कराहते हुए मैदान पर ही लेट गए, जिसे देखकर खिलाड़ी और स्टाफ तुरंत उनके पास पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए





मैच कुछ देर के लिए रोक दिया गया। मेडिकल टीम तुरंत मैदान पर पहुंची और प्राथमिक जांच के बाद एनगीडी को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल ले जाया गया।

स्टेडियम में मौजूद दर्शक इस घटना से स्तब्ध रह गए, वहीं दोनों टीमों के खिलाड़ियों के चेहरे पर चिंता साफ देखी गई। फिलहाल उनकी चोट की गंभीरता को लेकर आधिकारिक अपडेट का इंतजार किया जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर मैदान पर खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्रिकेट में फील्डिंग के दौरान इस तरह की घटनाएं दुर्लभ जरूर हैं, लेकिन जब होती हैं तो काफी गंभीर साबित हो सकती हैं।

## हत्या प्रयास मामले में भगोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था।आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था और कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अलग-अलग जगहों पर छिपा हुआ था।दिल्ली पुलिस उपायुक्त ,(अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि आरोपी इरफान/चांद मोहम्मद दिल्ली में पहले से दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल था। जांच और उसके बाद की कोर्ट की कार्यवाही के दौरान, आरोपी फरार हो गया। चूंकि आरोपी कोर्ट के समक्ष पेश होने में विफल रहा, इसलिए कोर्ट द्वारा उसे पीओ घोषित कर दिया गया।

# युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने को खेल टूर्नामेंट आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'नशा-नॉट कूल' नाम के एक हफ्ते तक चलने वाले नशा-विरोधी जागरूकता अभियान के दूसरे दिन, दिल्ली पुलिस ने नशे की लत से लड़ने और एक स्वस्थ, नशा-मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए खेलों पर आधारित तरीका अपनाया।

शारीरिक सहनशक्ति और मान. सिक मजबूती, दोनों को बनाने में खेलों की भूमिका को पहचानते हुए, दिल्ली भर में नौ नशा-मुक्ति केंद्रों, कई स्कूलों और श्श्र क्लस्टर इलाकों में रस्साकशी, वॉलीबॉल, आर्म रेसलिंग और दौड़ जैसी कई खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन गतिविधियों को सकारात्मक फैसले लेने के लिए प्रोत्साहित करने और लोगों को नशे की लत से दूर रखने के लिए डिजाइन किया गया था।इन कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिन्होंने टीम वर्क, अनुशासन और शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस पहल का मकसद युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक और स्वास्थ्य-उन्मुख कामों में प्रभावी ढंग से लगाना था।इन टूर्नामेंटों का मुख्य उद्देश्य खेलों को प्रेरणा और जुड़ाव के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करके, नशा-मुक्त जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

# बाईक गेट से टकराने पर दो छात्रों की मौत

## सुबह बाईक से घुमने निकले थे दो किशोर, रटौल लोनी मार्ग पर गेट की समीप हुआ हादसा, परिवार में शोक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** दो किशोर बाईक से घुमने के लिए रटौल लोनी मार्ग पर पेट्रोल पम्प के पास गये थे, वापस लौटते समय उनकी बाईक अनियंत्रित होकर रोड़ पर बने गेट से टकरा गयी जिसमें दोनो किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गये जिसे परिजन तुरंत दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल लेकर जानें लगे, जहां दोनो किशोरों की रास्ते में मौत हो गयी जिससे परिजनो में कोहराम मचा है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।

रटौल निवासी 16 वर्षीय शहजाद पुत्र शकील व 14 वर्षीय अयान पुत्र शहजाद दोनो रटौल में ही बड़े मदरसा मोहसीन उल उलूम के हाफिजे कुरान के छात्र थे, शनिवार सुबह साढे तीन बजे दोनो किशोर बाईक लेकर रटौल लोनी मार्ग पर घुमने गये थे उनके साथ अन्य बाईक पर भी दो युवक थें जब ये रटौल पेट्रोल पम्प से वापस रटौल लोनी मार्ग की और आ रहे थे तो रोड पर बने गेट के समीप बाईक अनियंत्रित होकर गेट से टकरा गयी जहां दोनो किशोर गिर पड़े और गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर परिजन मौकें पर पहुंचे और घायल अवस्था में दोनो को लेकर दिल्ली तेग बहादुर अस्पताल जाने लगे जहां रास्ते में दोनो किशोर की मौत हो गयी जिससे परिजनो में कोहराम मच गया परिजनो का रो-रो बुरा हाल हो गया। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने पर लगे है। वही कस्बें के लोगो की भारी भीड़ मौके पर इखट्टा हो गयी हर कोई दुर्घटना से आहत नजर आया। वही शौक के चलते मदरसे की छुट्टी कर दी गयी है।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिडंत में दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** शनिवार दोपहर दाहा-बरनावा मार्ग पर संतनगर गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब दो बाइकें आमने-सामने टकरा गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरनावा निवासी शाद 16 वर्षीय अपने मित्र साहिल 16वर्षीय और यश 17वर्षीय के साथ स्प्लेंडर बाइक से दाहा रोड स्थित शाहजहांपुर गांव की ओर जा रहा था। जैसे ही वे संतनगर गांव के निकट पहुंचे, सामने से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी युवक सड़क पर दूर जा गिरे। इस हादसे में स्प्लेंडर सवार शाद और बुलेट चला रहे गौसपुर निवासी सलमान की मौके पर ही जान चली गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत बिनौली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद यश, साहिल और फरहान 17वर्षीय निवासी गौसपुर की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बागपत रेफर कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि मृतक सलमान हाल ही में मिली बुलेट बाइक के कागजात के सिलसिले में देवबंद गया था और लौटते समय यह हादसा हो गया।

**इकलौता भाई खोने से टूटा परिवार,** हादसे में जान गंवाने वाला शाद अपने परिवार का इकलौता बेटा और चार बहनों का भाई था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां सितारा और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सलमान के परिवार में भी मातम पसरा हुआ है, जहां मां रुकसाना और भाइयों का हाल बेहाल है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर शिक्षकों नें किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गढी कलंजरी के एक बच्चें का जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 में होने पर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों नें उसे ट्राफी देकर सम्मानित किया। वही अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया।

गढी कलंजरी निवासी भूपेन्द्र का 10 वर्षीय पुत्र आरव गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो से पांच तक की पढाई की जहा उसकी शिक्षिका आरती नें जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए तैयारी करायी और वह परीक्षा में बैठा और उसका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 में प्रवेश के लिए लिया जिसके बाद जहा परिजनो नें खुशी मनाई। वही शनिवार को प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम कर उसे सिल्ड देकर सम्मानित किया गया, जहां शिक्षिका आरती नें कहा कि मेहनत के बल पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया और शिक्षा को लेकर जागरूक किया। इस मौकें पर कर्मपाल, नवल किशोर, संगीता आदि मौजूद रहे।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर टायर फटने से पलटी कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सरफाबाद गांव के समीप एक कार का टायर फटने से कार पलट गयी जिसमें बैठा चालक घायल हो गया। मौकें पर पहुंची पुलिस नें कार को सीधा कराया और ड्राइवर को उपचार के लिए भिजवाया।

मेरठ निवासी अभिषेक पुत्र धर्मपाल मेरठ के जमालपुर से हरियाणा के जगदारी कार द्वारा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें के रास्ते जा रहा था जब वह सरफाबाद सिगोली तगा गांव के बीच पहुंचा तो उसकी कार का टायर फट गया और कार पलट कर क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों नें देखा तो उसे बचाने दौड़ पड़े और उसे कार से निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एक्सप्रेस-वें कर्मी मौकें पर पहुंचे और कार को सीधा करा ड्राइवर को उपचार के लिए चिकित्सक के यहा भर्ती कराया। गर्मी के मौसम में एक्सप्रेस-वें पर गाड़ी दौड़ाने के चलते टायर के फटने की घटना होती रहती है जिससे वाहन चालक गर्मी में वाहनों को ज्यादा गति से न चलाये जिससे वह सुरक्षित रहेगे।

## एक नजर

### समाधान दिवस में आई 5 शिकायत कोई निस्तारण नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खेकड़ा।** कोतवाली में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं। हालांकि, इनमें से किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। सभी शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। समाधान दिवस के दौरान थाना प्रभारी प्रभाकर कैंतुरा, वरिष्ठ उप निरीक्षक सागर सिंह और राजस्व विभाग की ओर से तहसील खेकड़ा के कानूनगो आनंद कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लेखपाल भी मौजूद थे। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अवैध कब्जे और सीमांकन से संबंधित मामले शामिल थे। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित लेखपालों और विभागीय कर्मियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों की जांच कर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें।

## जनकल्याणकारी योजनाएं व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कर रही कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। इन्हीं योजनाओं में से एक है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP), जो बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। यह योजना न केवल युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित करती है।

प्रधानमंत्री रोजगार सर्जन कार्यक्रम योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति लाभान्वित हो सकते हैं जिन्हें निर्माण क्षेत्र मे रु 50.00 लाख एवं सेवा क्षेत्र मे रु 20.00 लाख तक ऋण दिया जाएगा जिससे कि वह अपना कोई भी सूक्ष्म/लघु उद्योग स्थापित कर सके इसके लिए शिक्षण योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 पास, इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष की वरीयता होनी चाहिए। इस योजना में आवेदन की प्रक्रिया के लिए अनलाईन पोर्टल पर www.kviconline.gov.in/pmegpeportal/ पर अपने मोबाइल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। PMEGP योजना के अंतर्गत सब्सिडी दरें (मार्जिन मनी) सामान्य: 15प्रतिशत (शहरी), 25प्रतिशत (ग्रामीण) विशेष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ महिलाएं/ पूर्व सैनिक/ अल्पसंख्यक/ पूर्ववर्ती क्षेत्र/ पहाड़ी क्षेत्र): 25प्रतिशत (शहरी), 35प्रतिशत (ग्रामीण) योगदान: लाभार्थी का योगदान परियोजना लागत का 10प्रतिशत (सामान्य) या 5प्रतिशत (विशेष) है। परियोजना लागत सीमा: नई विनिर्माण इकाइयों के लिए अधि. कतम लागत 50 लाख और सेवा इकाइयों के लिए 20 लाख है। जनपद बागपत के ग्राम बडागांव निवासी कामिल की सफलता की कहानी इस योजना की प्रभावशीलता का जीवंत उदाहरण है। सीमित संसाधनों और सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद कामिल ने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और सरकारी योजना के सहयोग से न केवल अपना भविष्य संवारा, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गए। कामिल बताते हैं कि वे एक साधारण परिवार से आते हैं, जहां आर्थिक संसाधनों की कमी हमेशा एक चुनौती रही।

## मैरीकॉम बागपत में एक बॉक्सिंग एकेडमी खोलने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर एमसी मैरीकॉम बागपत में एक बॉक्सिंग एकेडमी खोलने की तैयारी में हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने शुक्रवार को बागपत का दौरा किया। अधिकारियों से बात की। इस एकेडमी के बनने से क्षेत्रके युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण मिल सकेगा। मैरीकॉम ने एकेडमी के लिए प्रस्तावित खेल ग्राउंड का भी निरीक्षण किया। उनके इस कदम से स्थानीय युवा खिलाड़ियों में कफी उत्साह है, जो इस एकेडमी के जल्द तैयार होने का इंतजार कर रहे हैं। मैरीकॉम ने बताया कि बागपत के खिलाड़ियों ने पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें बेहतर सुविधाएं और पेशेवर प्रशिक्षण मिले, तो वे और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रस्तावित एकेडमी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कोच प्रशिक्षण देंगे। इससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए दूसरे शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे यहीं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने खेल को निखार सकेंगे और आगे बढ़ सकेंगे। जिला प्रशासन ने भी इस पहल का स्वागत किया है। अधिकारियों के अनुसार, जिले से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आते हैं, लेकिन पर्याप्त अभ्यास सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मैरीकॉम ने इससे पहले बागपत के मवीकला गांव स्थित एक रिसॉर्ट में (नन्ही कली) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की थी। तभी उन्होंने यहां एकेडमी खोलने और युवाओं के भविष्य को संवारने का मन बनाया था।

## सरकारी योजनाओं का लाभ उठाये युवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद 10वीं कक्षा तक पढ़ाई की, लेकिन परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण आगे की पढ़ाई जारी रखना संभव नहीं हो पाया। ऐसे में उनके सामने सबसे बड़ा प्रश्न था-रोजगार का कामिल के मन में शुरू से ही कुछ अपना करने की इच्छा थी। वे नौकरी की तलाश में भटकने के बजाय स्वयं का उद्यम स्थापित करना चाहते थे, लेकिन इसके लिए आवश्यक पूंजी और मार्गदर्शन का अभाव था। कई बार प्रयास करने के बावजूद उन्हें सफलता नहीं मिली, जिससे वे निराश भी हुए, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। एक दिन उन्हें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। यह जानकारी उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। उन्होंने तुरंत इस योजना के बारे में अधिक जानने का निर्णय लिया और जिला खादी ग्रामोद्योग कार्यालय, बागपत से संपर्क किया। कार्यालय में उन्हें योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने पर सरकार द्वारा 35 प्रतिशत तक सब्सिडी (अनुदान) प्रदान किया जाता है। यह जानकारी उनके लिए अत्यंत उत्साहजनक थी, क्योंकि इससे उनके सामने वित्तीय बाधाएं काफी हद तक कम हो सकती थीं। कामिल ने अपनी योग्यता और स्थानीय बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए बेडशीट निर्माण उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया। उन्होंने योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया पूरी की, जिसमें जिला खादी ग्रामोद्योग विभाग ने उन्हें हर स्तर पर मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया। बैंकिंग प्रक्रिया भी उनके लिए एक नया अनुभव था, लेकिन केनरा बैंक, शाखा बडागांव के सहयोग और विभागीय मार्गदर्शन के चलते उनका ऋण आवेदन सफलतापूर्वक स्वीकृत हो गया। लगभग 0.50 लाख रुपये की परियोजना लागत के साथ उनका उद्यम स्थापित करने का सपना साकार होने लगा। मार्च 2023 में कामिल ने अपने गांव बडागांव में बेडशीट निर्माण इकाई की स्थापना की। शुरुआत में कई चुनौतियां सामने आईं-कच्चे माल की व्यवस्था, मशीनरी संचालन, बाजार से जुड़ाव, और उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखना-लेकिन उन्होंने धैर्य और मेहनत के साथ इन सभी चुनौतियों का सामना किया। धीरे-धीरे उनका व्यवसाय गति पकड़ने लगा। उन्होंने अपने उत्पाद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया और स्थानीय बाजार के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बनानी शुरू की। आज कामिल का उद्यम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। उन्होंने अपने उद्योग में 3 लोगों को रोजगार प्रदान किया है, जिससे न केवल उनकी स्वयं की आय बढ़ी है, बल्कि अन्य परिवारों की आजीविका भी सुदृढ़ हुई है। वर्तमान में कामिल की मासिक आय लगभग 32,000 रुपये तक पहुंच गई है, जो उनके और उनके परिवार के लिए एक सम्मानजनक जीवनयापन सुनिश्चित कर रही है। इसके साथ ही योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत अनुदान भी उनके पक्ष में बैंक को प्राप्त हो चुका है, जिससे उनके वित्तीय बोझ में और कमी आई है। कामिल कहते हैं कि यदि उन्हें इस योजना की जानकारी समय पर न मिलती, तो शायद वे आज भी रोजगार की तलाश में संघर्ष कर रहे होते। उन्होंने प्रधानमंत्री और जिला खादी ग्रामोद्योग कार्यालय, बागपत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी है। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि यदि सही मार्गदर्शन, सरकारी सहयोग और दृढ़ इच्छाशक्ति का संगम हो, तो कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अमजत से संबंध-विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

कय्यूम पुत्र नाजर अली निवासी मौ. इस्लामनगर कालोनी, तहसील व जनपद बागपत।

## सीडीओ ने किया जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार ने जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और साफ-सफाई ना मिलने पर काफी नाराजगी व्यक्ति की। इस मौके पर सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ-सफाई करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने पोस्टमार्टम कक्ष के साथ-साथ उपकरणों और आसपास के परिसर की स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि यह संवेदनशील स्थान है, जहां स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि कचरे के निस्तारण की उचित व्यवस्था की जाए और समय-समय पर सैनिटाइजेशन कराया जाए। साथ ही, कर्मचारियों की डयूटी तय कर नियमित निगरानी रखने को कहा गया। सीडीओ ने यह भी कहा कि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। इस मौके पर सीएमओ डा.तीर्थ लाल, सीएमएस डा.अनुराग आदि मौजूद रहे।

## संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के श्री संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। परिषद ने पूर्व मध्यमा, उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (जो क्रमश: कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के समकक्ष हैं) के परिणाम जारी किए हैं।

इन परिणामों में, पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (10वीं समकक्ष) में अभिषेक मिश्रा ने 75.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष (11वीं समकक्ष) में हर्षित शर्मा ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसी तरह, उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (12वीं समकक्ष) में देव शर्मा ने 72.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। छात्रों के इस प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामेश्वर दयाल ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस उपलब्धि को छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम बताया। प्रधानाचार्य ने अन्य विद्यार्थियों को भी इन मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेने और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय प्रबंधन ने आगामी वर्षों में भी इसी तरह के उत्कृष्ट परिणामों की उम्मीद जताई है।

## जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप, पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के भैड़ापुर निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र कर्म सिंह ने शनिवार को थाना खेकड़ा में आयोजित समाधान दिवस में शिकायत की है। उन्होंने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का लगातार प्रयास कर रहा है।

सत्यवीर सिंह के अनुसार, उनकी जमीन के बराबर में दूसरे पक्ष की जमीन है। इस मामले को लेकर पहले भी दोनों पक्षों के बीच कई बार कहासुनी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व उन्होंने रटोल चौकी पर भी इस संबंध में शिकायत दी थी, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया था। इसके बावजूद, आरोप है कि संबंधित व्यक्ति बार-बार जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। सत्यवीर का कहना है कि जब भी वह इसका विरोध करते हैं, तो आरोपी पक्ष द्वारा उन्हें मारपीट की धमकी दी जाती है, जिससे उनके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। समाधान दिवस में शिकायत सुनते हुए थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने सत्यवीर सिंह को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि दोनों पक्षों के बीच विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सके और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## बागपत में वृद्धाश्रम की स्थापना की मांग, सांसदने की केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने नई दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा.वीरेन्द्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद बागपत में जरूरतमंद और असहाय वृद्धजनों के लिए वृद्धाश्रम की स्थापना कराने की मांग रखी।

सांसद सांगवान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाएं समाज के कमजोर वर्ग को मजबूती देने का काम कर रही हैं। उन्होंने मंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ देशभर में लाखों बुजुर्गों तक पहुंच रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बागपत जनपद की जमीनी स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि यहां बड़ी संख्या में ऐसे वृद्धजन हैं, जो पारिवारिक उपेक्षा और सामाजिक असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। कई बुजुर्ग ऐसे हैं जिन्हें परिवार ने सहारा नहीं दिया, जिसके कारण वे अकेलेपन और आर्थिक तंगी में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। उनके पास न तो स्थायी आवास है और न ही नियमित देखभाल की व्यवस्था। सांसद ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में संयुद्ध परिवार व्यवस्था कमजोर हुई है, जिसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों पर पड़ा है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह इन वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि बागपत में एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त वृद्धाश्रम की स्थापना कराई जाए, जहां बुजुर्गों को रहने, भोजन, चिकित्सा और देखभाल जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें। इससे न केवल असहाय वृद्धजनों को सहारा मिलेगा, बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना भी मजबूत होगी। सांसद सांगवान ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे बागपत के जरूरतमंद बुजुर्गों को राहत मिल सके और उनका जीवन सुरक्षित व सम्मानजनक बन सके।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव मोड़खुर्द के समीप हाईवे पुल के पास ओवरटेक कर रहे बाइक सवार को कोटद्वार बिजनौर डिपो की रोडवेज बस के चालक ने अनियंत्रित होकर कुचल दिया जिसमें बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर मेरठ मोर्चरी के लिए भेज दिया है पुलिस में दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है हालांकि इस मामले में समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं गई थी।

थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम करीब 6 बजे रामराज की ओर से आ रहे बाइक संख्या यूपी 15 सीपी 8703 पर सवार होकर मीरपुर की ओर से मौडखुर्द हाईवे पुल के नीचे से थाना इंचौली निवासी प्रमोद पुत्र छोटेलाल रोडवेज बस के सामने से ओवरटेक कर रहा था लेकिन रोडवेज चालक ने अनियंत्रित होकर उसको कुचल दिया। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई, तथा बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक रोडवेज के अंदर फंसकर घिसड़ती हुई काफी दूर तक चली गई। प्रमोद बजाज इंश्योरेंस में नौकरी करने की चर्चा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ मोर्चरी भेज दिया है। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने खड़ी कर दी है। रोडवेज चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ी करवा दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर थाने पर नहीं आई है। तहरीर आते ही कार्रवाई की जाएगी।

# योगेश वर्मा के हाथ होगी सपा की पतवार तो हस्तिनापुर में होगा साइकिल का बेड़ा पार

## पूर्व विधायक योगेश वर्मा 2022 में रहे थे सपा से प्रत्याशी, एक लाख से अधिक मिली थी वोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** यूपी विधानसभा चुनाव 2027 की रणभेरी बज चुकी है और सभी राजनीतिक दलों ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। समाजवादी पार्टी ने पिछले दिनों हुई दादरी रैली से चुनावी बिगुल भी फूंक दिया है। उधर, हस्तिनापुर (सु) विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक योगेश वर्मा भी समाजवादी पार्टी के लिए चुनावी रण के तैयारियों में जी जान से जुट गए हैं और सपा मुखिया अखिलेश यादव के विजन व पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। क्योंकि पार्टी हाईकमान इस सीट को लेकर गंभीर है और लखनऊ तक इस बात की चर्चा है कि हस्तिनापुर से सपा की जीत सिर्फ योगेश वर्मा ही सुनिश्चित कर सकते हैं। वहीं, योगेश वर्मा का प्रभाव हस्तिनापुर ही नहीं, बल्कि जनपद की सभी सीटों पर है और दलित वोट बैंक सिर्फ उनके प्रभाव से ही सपा की ओर ट्रांसफर हो सकता है।



पूर्व विधायक योगेश वर्मा

### साल दर साल बढ़ता रहा वोटों का आंकड़ा

साल 2007 में योगेश वर्मा पहली बार हस्तिनापुर सीट से विधायक बने थे। उन्हें 34 हजार 200 वोट मिली थी। उसके बाद 2012 में वह पीस पार्टी से चुनाव लड़े, लेकिन दूसरे नंबर पर रहने के बावजूद उन्हें 40101 वोट मिली। 2017 में वह बसपा से चुनाव लड़े और लगभग 65 हजार वोट मिली। साल 2022 के विस चुनाव से पूर्व वह सपा में शामिल हुए और पार्टी ने उनकी लोकप्रियता को ध्यान में रखकर हस्तिनापुर से प्रत्याशी बनाया। हालांकि उन्हें एक लाख से अधिक वोट मिली और वह कम अंतर से चुनाव हारे। साल दर साल योगेश वर्मा के खाते में वोटों का आंकड़ा बढ़ता रहा और जनता के बीच उनकी लोकप्रियता भी लगातार बढ़ती रही।

### दलित-मुस्लिम के अलावा अन्य समाज में भी बढ़ रहा प्रभाव

पूर्व विधायक एवं सपा नेता योगेश वर्मा का प्रभाव सिर्फ हस्तिनापुर विस क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि जनपद के सभी सातों विधानसभाओं में है। पिछले कुछ वर्षों में योगेश वर्मा पउप्र के एकमात्र दलित चेहरे के रूप में तेजी से उभरे हैं। पिछले दिनों अंबेडकर जयंती पर पूरे जनपद में हुए कार्यक्रमों में उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया। सर्वसमाज के साथ दलित राजनीति में वर्तमान में योगेश वर्मा का कोई सानी नहीं है।

### हस्तिनापुर की सीट जीतने का दम सिर्फ योगेश वर्मा में

समाजवादी पार्टी से साल 2022 में भले ही योगेश वर्मा दूसरे नंबर पर रहे हों, लेकिन एक लाख से अधिक वोट हासिल कर उन्होंने साबित कर दिया कि हस्तिनापुर की राजनीति में वह कितनी मजबूत पकड़ रखते हैं। समाजवादी पार्टी के पास भी हस्तिनापुर के लिए योगेश वर्मा से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। पार्टी सूत्रों की मानें तो पार्टी हाईकमान से उन्हें चुनाव लड़ने की हरी झंडी मिल चुकी है, हालांकि टिकट मिलने की औपचारिक घोषणा पार्टी अपने निर्धारित समय पर ही करेगी।

# धर्मशिला नारायणा अस्पताल ने की बच्चों के लिए ओपीडी की शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/बुलंदशहर।** धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल, दिल्ली ने बुलंदशहर में प्रनिल हेल्थकेयर के सहयोग से एक नई सुपरस्पेशियलिटी ओपीडी की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में उन्नत बाल चिकित्सा सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके माध्यम से अनुभवी बाल रोग और पीडियाट्रिक हीमैटोलॉजी ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ अब उन परिवारों के और करीब उपलब्ध होंगे, जिन्हें अब तक विशेषज्ञ परामर्श के लिए महानगरों की यात्रा करनी पड़ती थी। इस अवसर पर डॉ. बिलाल खान, सीनियर कंसल्टेंट एवं इंचार्ज, पीडियाट्रिक्स और पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर (PICU) ने कहा कि बुलंदशहर में इस सुपरस्पेशियलिटी ओपीडी के माध्यम से हमारा उद्देश्य बीमारियों की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार और निरंतर चिकित्सा देखभाल को सुनिश्चित करना है, ताकि परिवारों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन अपने घर के पास ही उपलब्ध हो सके।

# तीन दिवसीय डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण में पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को नियुक्ति पत्र किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय पर चल रहे तीन दिवसीय डिजिटल जनगणना प्रशिक्षण का शनिवार को समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने किया। जनगणना 2027 के अन्तर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण के फील्ड ट्रेनर विशाल शर्मा, व फील्ड ट्रेनर अमित कुमार तिवारी ट्रेनर द्वारा जनगणना-2027 के प्रशिक्षण के तृतीय दिन/समापन दिवस में निकाय में जनगणना हेतु नियुक्त किये गये पर्यवेक्षकों/प्रगणकों को कार्यालय नगर पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जनगणना के प्रथम दिवस में जनगणना की आधारशिला, एचएलबी सीमाओं का फील्ड में जाकर सत्यापन आदि, द्वितीय दिवस में एचएलओं प्रश्नावली के सिद्धान्तों और परिभाषाओं पर विशेष बल आदि व आज तृतीय दिवस प्रगणकों व पर्यवेक्षकों द्वारा परिवारों से जन सम्पर्क कर डेटा फीडिंग का कार्य व जनगणना सम्बन्धी अन्य कार्यो के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। अन्तिम दिवस में चार्ज अधिकारी सचिन पंवार द्वारा उपस्थित सभी पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को सेवा भाव प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई व सभी पर्यवेक्षकों व प्रगणकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नगर में जनगणना हेतु नगर को 28 ब्लाकों में बांटा गया है। जिनमें कुल 28 प्रगणक व 04 सुपरवाईजरों की नियुक्ति की गयी है। जनगणना का प्रथम चरण 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक होगा। जिसमें मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य किया जायेगा व द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जायेगा। 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक स्व: गणना का कार्य कराया जायेगा। जिसमें कस्बेवासी जनगणना पोर्टल पर अपने परिवार का ब्यौरा स्वयं दर्ज कर सकते हैं। जनगणना 2027 इस श्रंखला की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की मांग 8वीं जनगणना है। यह जनगणना पहली बार पूर्णत: डिजिटल होगी। इस मौके पर जनगणना कार्य में लगाये गये समस्त पर्यवेक्षक व प्रगणक उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्रिय अध्यापक, ग्राम पंचायत सहायक,व नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक फहीम अहमद, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहित कुमार, आदि उपस्थित रहे।



# एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना पल्ल्वपुरम क्षेत्र के 2023 बैच के दरोगा छत्रपाल को एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते हुए अरेस्ट किया है। दरोगा ने एक युवक से मुकदमे में समझौता करने के नाम पर दस हजार की रिश्वत मांगी थी।

मामला थाना पल्लवपुरम क्षेत्र का है। पल्लवपुरम की रहने वाली महिला का थाना मेडिकल क्षेत्र में रहने वाले मनीष नाम के युवक से विवाह हुआ था। दोनों का संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था जिसके बाद महिला ने मनीष पर मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे को सेटलमेंट करने के नाम पर थाना पल्लवपुरम क्षेत्र के दरोगा छत्रपाल ने मनीष से दस हजार की रिश्वत मांगी थी जिसके बाद मनीष ने दरोगा की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछाया और बड़ी सूझबूझ के साथ रिश्वत लेते हुए दरा. ेगा को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल एंटी करप्शन की टीम दरोगा से पूछताछ कर रही है और सख्त कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# गन्ना आपूर्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को 115 पुरस्कार वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** टिकौला स्थित शुगर मिल के तत्वाधान में पिछले गन्ना सत्र के दौरान उत्कृष्ट गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित ईनामी योजना के अंतर्गत शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 201 क्विंटल एवं उससे अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को कुल 115 पुरस्कार वितरित किए गये। कार्यक्रम में उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर मंडल ओमप्रकाश सिंह एवं जिला गन्ना अधिकारी मुजफ्फरनगर संजय सिसोदिया की उपस्थिति में किसानों को पुरस्कार प्रदान किए गए। ईनामी योजना के तहत 100 स्प्रे मशीन, 4 पेड़ी प्रबंधन यंत्र, 10 ट्रेंच प्लांटर एवं 1 मिनी ट्रैक्टर का वितरण लकी ड्रॉ के माध्यम से किया गया। लकी ड्रॉ में मिनी ट्रैक्टर का प्रथम पुरस्कार ग्राम शुक्रताल निवासी कृषक ज्ञान सिंह पुत्र चंद्रपाल को मिला, जिससे उनके परिवार में




खुशी का माहौल देखा गया। अन्य किसानों को भी स्प्रे मशीन एवं कृषि यंत्र मिलने पर उत्साह नजर आया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप गन्ना आयुक्त ओमप्रकाश सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ना उत्पादन में बढ़ोत्तरी और गुणवत्ता सुधार के लिए इस प्रकार की योजनाएं किसानों को प्रेरित करती हैं। जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसोदिया ने भी किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाने और अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर रामराज समिति के सचिव, मोरना समिति के सचिव, ज्येष्ठ गन्ना अधिकारी टिकौला, मिल प्रबंधन के प्रतिनिधि वेदांत स्वरूप, अध्यासी अध्यक्ष हिमांशु कुमार मंगलम, गन्ना महाप्रबंधक, गन्ना विकास प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सुभारती विवि में करियर परामर्श सत्र आयोजित, छात्रों को मिला उज्ज्वल भविष्य का मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के गृह विज्ञान विभाग में सहायक प्रो. मानसी चौधरी के मार्गदर्शन में एक प्रभावी एवं ज्ञानवर्धक करियर परामर्श सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सोच-समझकर सही निर्णय लेने हेतु प्रेरित करना था। इस अवसर पर गृह विज्ञान, कला एवं मानविकी विभाग तथा पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों में विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक संभावनाओं को लेकर विशेष जिज्ञासा देखने को मिली। प्रो. मानसी चौधरी ने अपने संबोधन में वर्तमान समय के उभरते करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा कौशल विकास की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि कैसे अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य के अनुरूप सही करियर का चयन किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने आज के प्रतिस्पर्धी दौर में आत्मविश्वास, प्रभावी संचार कौशल और निरंतर सीखने की आदत को सफलता की कुंजी बताया। यह सत्र पूर्णत: संवादात्मक रहा, जिसमें छात्रों को करियर योजना, सरकारी एवं निजी क्षेत्र में उपलब्ध



अवसरों, उद्यमिता तथा उच्च शिक्षा से जुड़े अपने प्रश्न पूछने का अवसर मिला। डॉ. चौधरी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता पाने के लिए एकाग्रता, मेहनत और सही दिशा में प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम ने उपस्थित विद्यार्थियों को न केवल मार्गदर्शन प्रदान किया, बल्कि उन्हें अपने भविष्य के प्रति सजग और आत्मविश्वासी बनने की प्रेरणा भी दी। सत्र के अंत में छात्रों ने इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताते हुए डॉ. मानसी चौधरी का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन विवि की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उनके समग्र व्यक्तित्व विकास और उज्ज्वल करियर निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा के मद्देनजर डीएम व एसएसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत शनिवार को जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे द्वारा संयुक्त रूप से इस्माईल डिग्री कालेज, आरजी डिग्री कालेज, सनातन धर्म इंटर कालेज सदर सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# करनावल सहकारी समिति पर खाद संकट गहराया, किसानों में बढ़ता आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र स्थित किसान सहकारी समिति करनावल पर इन दिनों खाद की भारी किल्लत से किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। रबी और खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच खाद की कमी ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। सुबह से ही समिति परिसर में किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं, लेकिन पर्याप्त स्टॉक न होने के कारण अधिकांश किसानों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यह समय फसल की बुवाई और देखभाल के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में खाद की अनुपलब्धता उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर सकती है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि वे घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन जब उनकी बारी आती है तो खाद खत्म हो चुकी होती है। इससे उनका समय और श्रम दोनों व्यर्थ जा रहा है। कुछ किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि वितरण व्यवस्था



में पारदर्शिता की कमी है, जिससे असमानता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं, स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि समिति पर खाद की नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, साथ ही वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शनिवार को जिलेभर के थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों संग थाना प्रभारियों ने भी शिकायतों को सुना।

थाना अमरोहा नगर में डीएम नितिन गौड़ व एसपी लखन सिंह यादव पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधीनस्थों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि फरियादियों की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए। किसी भी फरियादी को बार-बार दौड़ाया न जाए। जमीनी विवादों की शिकायतों का पंजीकरण कर राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के समयावधि के अंदर निस्तारण सुनिश्चित करें। एसपी ने कहा कि थानों में महिलाओं से संबंधित जो भी शिकायतें आती हैं, उन्हें प्राथमिकता पूर्वक सुना जाए और उन्हें उचित न्याय दिलाया जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा थाना डिडौली, रजबपुर, हसनपुर, रहरा, सैदनगली, आदमपुर, गजरौला, मंड़ी धनौरा, बछरायूं में भी पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने शिकायतों को सुना तथा अधीनस्थों को उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

## रात में महिला के घर में घुसा युवक पकड़ा

**स्योहारा।** ग्राम गोवर्धनपुर निवासी एक युवक देर रात अपने घर से ट्रैक्टर लेकर खेत पर जाने की बात कहकर निकला था। बताया जाता है कि युवक खेत पर जाने की बजाय सीधे एक महिला के घर पहुंच गया। युवक के घर में प्रवेश करने के बाद कुछ समय तक किसी को इसकी भनक नहीं लगी।

# एकता रैली में विकास और किसान-युवा एजेंडा पर फोकस, जयंत चौधरी ने गिनाई योजनाएं

## कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और किसान हितों पर दिया जोर, सियासी बयानबाजी से रहे दूर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** शनिवार को सरधना क्षेत्र के गांव इकड़ी में राष्ट्रीय लोकदल की एकता रैली आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी मौजूद रहे।

रैली को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने अपने भाषण का केंद्र किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को बनाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा से किसानों की आवाज उठाने वाली पार्टी रही है और आगे भी किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा जाएगा।

### किसानों और युवाओं पर विशेष जोर

जयंत चौधरी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं और पार्टी की नीतियों को मजबूत करें।

### कौशल विकास योजना का जिक्र

अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कौशल विकास योजना के तहत लाभार्थियों को मिल रहे अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### महिला सशक्तिकरण पर भी बात

महिलाओं की भागीदारी को लेकर उन्होंने कहा कि आज महिलाएं छोटे-छोटे उद्योगों के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ रही हैं। सरकार द्वारा उन्हें प्रोत्साहन और सहयोग देने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

### राजनीतिक मुद्दों से दूरी

रैली के दौरान जयंत चौधरी ने किसी भी प्रत्यक्ष राजनीतिक विवाद या आरोप-प्रत्यारोप से दूरी बनाए रखी और अपने संबोधन को विकास, योजनाओं और सामाजिक मुद्दों तक ही सीमित रखा।

### विकास के एजेंडे के साथ मैदान में उतरी राष्ट्रीय लोक दल

राष्ट्रीय लोकदल की इकड़ी रैली में इस बार सियासी हमलों के बजाय विकास, किसान और युवाओं के मुद्दों पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि यह रणनीति आगामी चुनावों को देखते हुए सकारात्मक छवि बनाने की दिशा में अहम कदम हो सकती है।

### भीड़ में दिखा असंतुलन, मुस्लिम उपस्थिति रही सीमित

रैली में जहां एक ओर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ देखने को मिली, वहीं मुस्लिम समाज की उपस्थिति बेहद कम नजर आई। माना जा रहा है कि टिकट के संभावित दावेदार इस वर्ग को अपेक्षित संख्या में जुटाने में सफल नहीं रहे। गौरतलब है कि सिवालखास विधानसभा सीट पर वर्ष 2022 के चुनाव में जाट-मुस्लिम गठजोड़ के आधार पर गुलाम मोहम्मद ने जीत दर्ज की थी। ऐसे में इस रैली में मुस्लिम समाज की कम भागीदारी राजनीतिक दृष्टि से चर्चा का विषय बनी हुई है।

### रैली में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, सांसद चंदन चौहान, राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, पूर्व सांसद के.सी. त्यागी, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, विधायक गुलाम मोहम्मद, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक अजय कुमार, विधायक अशरफ अली, पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मालिक, मण्डल अध्यक्ष इंदरवीर भाटी, रणवीर दहिया, कुलदीप उज्जवल, मुकेश जैन, विनय मल्लापुर, नरेश मल्लापुर, प्रताप लोइया, जिला अध्यक्ष बागपत सुभाष गुर्जर, अभिमन्यु ललसाना, प्रतीक जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़, सचिन चौधरी, अमित त्यागी, ऋचा सिंह, राजीव बालियान, आरुषि सिरोही, नईम सागर, सोहराब ग्यास, विकास भैसा, अक्षय अतलपुर, आशीष उर्फ पिंटू, संजय रसूलपुर, गोविन्द सिंह प्रजापति, बाबूराम प्रजापति, बीना सिंह, कवलजीत सिंह, ज्योति शर्मा, रंजीता वर्मा, नीलम तोमर (मण्डल अध्यक्ष) सहित हजारों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक गुलाम मोहम्मद की मंच से दहाड़



सिवाल खास से रालोद के विधायक गुलाम मोहम्मद ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल सभी को साथ लेकर चलती है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी सभी के नेता है उनके नेतृत्व में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता में जयंत चौधरी एक विश्वास और भरोसे के प्रतीक हैं। आपको बता दे विधायक गुलाम मोहम्मद ईकड़ी में आयोजित रैली को सफल बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे थे और वह पूरी व्यवस्था को बारीकी से देख रहे थे।

## रणबीर दहिया की भी रही मेहनत



**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रणबीर दहिया भी बीते कई दिनों से जयंत चौधरी की रैली को लेकर पसीना बहाते हुए दिखाई दे रहे थे। रैली में भीड़ जुटाने के लिए वह गांव-गांव जा रहे थे और शनिवार को आयोजित इस रैली में भारी भीड़ मौजूद रही जिसके चलते रणबीर दहिया की मेहनत भी साफ दिखाई दी।

# एकता रैली में चौधरी चरण सिंह पर लिखी पुस्तक का हुआ विमोचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** सिवालखास क्षेत्र के ईकड़ी गांव में आयोजित एकता रैली के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के युवा लोकदल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक कुमार बाफर द्वारा लिखित चौधरी चरण सिंह पर आधारित पुस्तक का विमोचन राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के कर-कमलों द्वारा किया गया। विवेक कुमार बाफर की यह तीसरी पुस्तक है, जिसमें उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के विचारों, सिद्धांतों और उनकी नीतियों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता को विस्तार से प्रस्तुत किया है। पुस्तक में विशेष रूप से यह बताया गया है कि चौधरी चरण सिंह की सोच आज भी किसानों, मजदूरों और ग्रामीण भारत के विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। इससे पूर्व विवेक कुमार बाफर की दो पुस्तकें मन माणिक और महापुरुषों पर नमन प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन्हें पाठकों द्वारा सराहा गया। अपनी तीसरी पुस्तक में उन्होंने अपने पिता मास्टर चौधरी सत्यवीर सिंह के संस्मरणों और अनुभवों को भी समाहित करते हुए चौधरी चरण सिंह के जीवन, संघर्ष और विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया है।पुस्तक विमोचन के दौरान केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि युवाओं का साहित्य, लेखन और अध्ययन की ओर आगे बढ़ना देश के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। विवेक कुमार बाफर ने कहा कि उनकी यह पुस्तक केवल एक साहित्यिक कृति नहीं, बल्कि चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को समाज और विशेष रूप से युवाओं तक पहुंचाने का एक प्रयास है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य छात्रों और समुदाय में मलेरिया रोग के कारणों, लक्षणों तथा बचाव के उपायों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत एक जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें विज्ञान विभाग ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डाला और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से मलेरिया उन्मूलन के महत्व पर जोर दिया। इसके उपरांत, छात्रों ने श्मलेरिया से सुरक्षाश विषय पर एक प्रेरक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से लोगों को साफ-सफाई रखने और अपने आसपास जल-जमाव न होने देने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित ने सभी छात्रों को शपथ दिलाई कि वे अपने घर और आसपास पानी जमा नहीं होने देंगे तथा मलेरिया उन्मूलन में अपना सक्रिय योगदान देंगे।

# सुभारती विवि में सीनियर्स को दी गई विदाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा को शिक्षा संकाय के सेमिनार हॉल में बी.पी.ई.एस, बी.पी.एड, एम.पी.एड एवं एम.ए. योग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भव्य एवं यादगार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक हो रहे विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई देना रहा, जिसमें खुशी, उत्साह और भावनात्मक पलों का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन के साथ हुई, जिसने पूरे माहौल को सकारात्मक और ऊर्जावान बना दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, संगीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं, वहीं सीनियर्स ने अपने अनुभव, यादें और शैक्षणिक यात्रा साझा कर भावुक पल भी प्रस्तुत किए। इस सफल आयोजन का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू अधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हुआ। उनकी प्रेरणा और सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिक्षा संकाय के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. अनोज राज तथा अन्य संकाय सदस्यों का सहयोग भी सराहनीय रहा। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. निशांत कुमार रहे, जिनके निर्देशन में पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिभागियों को उपाधियों से सम्मानित भी किया गया। बी.पी.एड वर्ग से साहिल कुमार और रेनू को मिस्टर एवं मिस फेयरवेल चुना गया, जबकि एम.पी.एड से विक्रांत और स्नेहा को यह सम्मान प्राप्त हुआ। एम.ए. योग से तनीष्क को मिस्टर फेयरवेल घोषित किया गया। निक्की ढाका को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' का खिताब मिला। इसके अतिरिक्त रो. बिन चड्ढा एवं निशी पाल को 'मिस्टर और मिस स्टूडियस', निशांत कुमार को 'मिस्टर चार्मिंग', दिव्यांशी वर्मा को 'मिस वर्सेटाइल', अभिषेक को 'मिस्टर ऑल-राउंडर' तथा नितीश मलिक को 'मिस्टर फिटनेस' के खिताब से नवाजा गया। समारोह का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच भावनात्मक विदाई के दृश्य देखने को मिले। विभाग ने विश्वविद्यालय की सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा के निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम विभाग की विद्यार्थियों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने, उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने और यादगार अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# ऋषभ एकेडमी में खगोल विज्ञान दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ एकेडमी, मेरठ कैंट में खगोल विज्ञान दिवस के अवसर पर इंटर-हाउस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में अर्जुन हाउस, भारत हाउस, प्रताप हाउस एवं शिवाजी हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को सामान्य ज्ञान राउंड, रैपिड फायर राउंड, दृश्य पहचान राउंड तथा बजर राउंड सहित विभिन्न चरणों में विभाजित किया गया, जिससे प्रतियोगिता रोचक एवं ज्ञानवर्धक बनी रही। कड़े मुकाबले के बाद भारत हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्जुन हाउस द्वितीय एवं शिवाजी हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

प्रश्नोत्तरी का संचालन आदित्य पंत ने आत्मविश्वास के साथ किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एम. राघव ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों की वैज्ञानिक सोच, तर्कशक्ति और विश्लेषण क्षमता को विकसित करती हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# महिला सशक्तिकरण पर सुभारती में जागरूकता सत्र आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ की महिला सशक्तिकरण समिति, जेंडर सेंसिटाइजेशन सेल तथा भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह पहल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता की सोच के अनुरूप रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला सशक्तिकरण समिति की सचिव डॉ. मंजू अधिकारी द्वारा महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 के परिचय से हुआ। उन्होंने इसे महिलाओं को सशक्त एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम की संयोजक एवं महिला सशक्तिकरण समिति की सदस्य डॉ. रफत खानम ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के अधिकार वास्तव में मानवाधिकार हैं। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय स्थापना काल से ही कल्याणकारी योजनाओं, जागरूकता अभियानों एवं रियायती सुविधाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्यरत है। सत्र की प्रथम वक्ता डॉ. अफीफा अतीक, सहायक आचार्य, आर एंड डी सेल एवं शोध वैज्ञानिक, ने महिलाओं के सशक्तिकरण में बाधक सामाजिक संरचनात्मक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुत्र-प्राथमिकता, बिना वेतन के घरेलू कार्यों का असमान बोझ तथा तलाक, उत्तराधिकार एवं अभिभावकत्व से जुड़े व्यक्तिगत कानूनों में असमानताओं जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा की। द्वितीय वक्ता डॉ. ऊषा साहनी, प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, शहीद मंगल पांडे राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल विचार-विमर्श तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर क्रियान्वित होना चाहिए। उन्होंने बेटी और बेटे को समान अवसर देने तथा अधिकारों एवं कर्तव्यों के स्थान पर सहभागिता और सहयोग की भावना विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की महिला गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भी अपने जीवन अनुभव साझा किए तथा व्यावसायिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों के संतुलन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। नर्सिंग कॉलेज एवं डिफेंस विभाग के विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं प्रभावी मंच संचालन डॉ. रफत खानम, प्रभारी अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं, भाषा विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्षा डॉ. अंशुल त्रिवेदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर डॉ. सारिका अभय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए मुख्य वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) पी. के. शर्मा एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) शल्या राज के सतत मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. निशा सिंह, डॉ. राखी झा, डॉ. स्वर्णिमा तिवारी, हिमानी सिंह, दिव्या, संजीव, दीपांशु चौधरी, सोनी, भावना, अमिता, ईशा, फरहा, अनुराग सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 60 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने वक्ताओं के विचारों, व्यावहारिक अनुभवों तथा सार्थक चर्चाओं की सराहना करते हुए इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं विचारोत्तेजक बताया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

## फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा ने बुलंदशहर में शुरू की ओपीडी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/बुलंदशहर।** फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा ने बुलंदशहर में अपनी (ओपीडी) की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य बुलंदशहर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को विशेषज्ञ कार्डियोलॉजी सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि मरीजों को विशेषज्ञ सलाह और इलाज के लिए लंबी दूरी न तय करनी पड़े। लॉन्च के मौके पर फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के डायरेक्टर एवं हेड ऑफ डिपार्टमेंट (कार्डियोलॉजी) डॉ. संजीव गेरा ने कहा, बुलंदशहर में कार्डियक ओपीडी की शुरुआत के साथ हम उन्नत हृदय उपचार को छोटे शहरों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। हृदय रोगों के प्रभावी इलाज के लिए समय पर पहचान और सही समय पर उपचार बेहद जरूरी है। इस ओपीडी और 'इनोवेशन इन कार्डियक साइंसेज' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम मरीजों और विशेषज्ञ सेवाओं के बीच की दूरी को कम करना चाहते हैं, साथ ही लोगों में बचाव और नए इलाज के तरीकों के बारे में जागरूकता भी बढ़ाना चाहते हैं।

## भारत के म्यूजिक लाइसेंसिंग क्षेत्र में बड़ा बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 'लॉलीपॉप लागेलु' जैसे आइकॉनिक हिट्स देने वाली कंपनी लोकधुन टेलीमीडिया ने पीपीएल इंडिया के साथ हाथ मिला लिया है। इसी के साथ कंपनी ने रिकॉर्डेड म्यूजिक परफॉर्मेंस के साथ अपनी पुरानी संबद्धता समाप्त कर दी है।, लोकधुन टेलीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने साझा किया कि हम पीपीएल इंडिया के साथ साझेदारी कर एक व्यवस्थित लाइसेंसिंग इकोसिस्टम का हिस्सा बनकर खुश हैं। इससे हमारे कंटेंट का सही मोनेटाइजेशन होगा और विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर हमारी पहुंच और भी व्यापक होगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श इण्टर कॉलेज डौला (बागपत) की 64 बीघा कृषि भूमि का ठेका 3 वर्ष (2026, 2027 व 2028) हेतु दिनांक 03.05.2026 दिन रविवार को छोड़ा जाना है। इच्छुक ठेकेदार दिनांक 02.05.2026 को आवश्यक नियम एवं शर्तें विद्यालय से प्राप्त करने के उपरान्त दिनांक 03.05.2026 को प्रात: 10:00 बजे बोली हेतु उपस्थित हों।

**-प्रधानाचार्य, आदर्श इण्टर कॉलेज, डौला (बागपत)**





नई दिल्ली। पंजाब को प्रभसिमरन दिल्ली के खिलाफ मैच में अपनी शानदार पारी के दौरान शॉट खेलते वहीं कप्तान अय्यर अपन अर्द्धशतक पूरा करने के बाद



जयपुर। राजस्थान के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंद में 103 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली राजस्थान ने पहले खेलते हुए 228/6 रन बनाएं

## खेल विशेष

### बंगलादेश की नाहिदा, सरमिन पर जुर्माना और डिमेरिट पॉइंट्स लगाए गए

ढाका, वार्ता। बांग्लादेश की नाहिदा अख्तर और सरमिन सुल्ताना पर बुधवार को राजशाही में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के अलग-अलग लेवल 1 उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों खिलाड़ियों को एक-एक डिमेरिट पॉइंट भी मिला, जो पिछले 24 महीनों में उनकी पहली ऐसी गलती थी। नाहिदा पर 17वें ओवर में श्रीलंका की कप्तान चामरी अथापट्टू को आउट करने के बाद गुस्से में विदाई देने के लिए जुर्माना लगाया गया, जबकि सरमिन पर बंगलादेश के लक्ष्य का पीछा करते हुए 16वें ओवर में पगबाधा दिए जाने के बाद असहमति दिखाने, अपनी विदाई में देरी करने और बल्ला अंदर करने का इशारा करने के लिए जुर्माना लगाया गया।

### भुल्लर सिंगापुर ओपन के टॉप-5 में कायम

सिंगापुर, वार्ता। मुश्किल हालात में गोल्फ के उतार-चढ़ाव वाले राउंड के बावजूद, गगनजीत भुल्लर ने कड़ी मेहनत की और बिजनेस टाइम्स द्वारा पेश किए गए सिंगापुर ओपन के तीसरे दिन लीडरबोर्ड के टॉप-5 में बने रहे। 20 लाख डॉलर के इंटरनेशनल सीरीज इवेंट में लीडरबोर्ड में सबसे ऊपर कोरिया के जियोंगवू हैम हैं, जिन्होंने आज 68 का स्कोर करने के बाद तीनों दिन लीड बनाए रखी है। सेंटोसा गोल्फ क्लब के मुश्किल सेरापोंग कोर्स के साथ एनर्जी खत्म करने वाले हालात में भी, भुल्लर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मूविंग डे पर 1-ओवर 72 का स्कोर किया, यह राउंड उनके लिए नुकसान कम करने और रेस में बने रहने के बारे में था। भुल्लर अभी 6-अंडर 207 के साथ टाई-पांचवें स्थान पर हैं, यह स्थान उन्होंने थाई जैज जानेवतनंद (68-66-73) और पाकिस्तान के अहमद बेग (69-71-67) के साथ शेयर किया।

### युवाओं को गवर्नेंस का हिस्सा बनाने का सही समय: कर्नल राठौर

नई दिल्ली, वार्ता। एथेंस ओलंपिक के रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शनिवार को देश के युवाओं से अपने लक्ष्य पाने के लिए फोकस्ड रहने को कहा। ओलंपिक मेडलिस्ट कर्नल राठौर, जिन्होंने अपने शानदार स्पोर्ट्स करियर में अलग-अलग ग्लोबल और एशियन शूटिंग इवेंट्स में 9 गोल्ड मेडल जीते, ने कहा कि हम सभी को अपने लक्ष्य पाने के लिए कभी-कभी फेल होना पड़ता है। यहां यूथ समिट, एनडीटीवी युवा 2026 में बोलते हुए, कर्नल राठौर ने आगे कहा कि युवाओं को गवर्नेंस का हिस्सा बनाने का यह सही समय है। राठौर, जो अभी राजस्थान सरकार में इंडस्ट्री, स्पोर्ट्स और यूथ अफेयर्स मिनिस्टर हैं, ने कहा कि जब हम छोटे थे, तो हमारी अवेयरनेस का लेवल काफी कम था। आज के युवाओं में अवेयरनेस का लेवल बहुत ज्यादा है। वे दुनिया के बारे में, देश के बारे में जानते हैं। देश किस तरफ जाएगा, यह काफी हद तक युवाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हम सबको फेल

# सूर्यकुमार, अय्यर, शिवम दुबे टी-20 मुंबई लीग के लिए रिटेन

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए मंच तैयार कर दिया है। उन्होंने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की एक स्टार-स्टडेड लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे शामिल हैं।

अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान आयुा म्हात्रे, शार्दुल ठाकुर, तुाार देशपांडे और सरफराज खान जैसे बेहतरीन खिलाड़ियों को रिटेन करने और यशस्वी जायसवाल व अजिक्य रहाणे को आइकॉन प्लेयर बनाने के साथ, फ्रेंचाइजी ने एक मजबूत मुख्य टीम तैयार कर ली है। यह लीग के बढ़ते कद और उसकी प्रतिस्पर्धी बढ़त को दिखाता है।



आठों टीमों में से हर एक ने तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इस तरह उन्होंने अंतर्राट्रीय अनुभव और उभरते हुए घरेलू टैलेंट के बीच एक रणनीतिक संत.ुलन बनाया है, क्योंकि लीग अपने चौथे रोमांचक सीजन की ओर बढ़ रही है। ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट ने सूर्यकुमार (आइकॉन प्लेयर) को रिटेन किया है, जिन्होंने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब दिलाया था। उनके साथ आयु और सूर्यांश शेडगे को भी रिटेन किया गया है।

# 'करो या मरो' के मुकाबले में भिड़ेंगे लखनऊ और कोलकाता

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार हार झेल रही लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रविवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 38वें मैच में, वापसी कर रही कोलक.ाता नाइट राइडर्स से होगा।

यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए 'करो या मरो' जैसा है, क्योंकि दोनों ही टीमें इस सीजन में संघर्ा कर रही हैं और उनका भविय एक अहम मोड़ पर खड़ा है, लेकिन दोनों की मौजूदा स्थिति (मोमेंटम) बिल्कुल अलग है। लखनऊ लगातार चार हार से जूझ रही है और पॉइंट्स टेबल में नीचे खिसकती जा रही है, जबकि



कोलकाता इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज करने के बाद नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी। लखनऊ के लिए, बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी सबसे बड़ी चिंता का विाय रही है। मिचेल मार्श और आयुा बडोनी की सलामी जोड़ी टीम को ठोस शुरुआत देने में नाकाम रही है, जिससे कप्तान ऋाभ पंत पर शुरुआती दबाव बढ़ गया है। निक.ोलस पूरन, एडेन मार्करम, मुकुल चौधरी और हिम्मत सिंह से सजी मध्यक्रम की बल्लेबाजी ने कुछ मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनमें सामूहिक निरंतरता की कमी दिखाई देती है। मार्श टीम के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं,

और टीम के लिए कुछेक उम्मीद की किरण हैं, जबकि मार्करम के आक्रामक रवैए ने टीम की बल्लेबाजी को कुछ गति प्रदान की है। हालांकि, पूरन और पंत के संघर्ा ने टीम की मैचों को मजबूती से खत्म करने की क्षमता को काफी नुकसान पहुंचाया है। युवा खिलाड़ी मुकुल चौधरी एक अहम योगदानकर्ता के रूप में उभरे हैं, विशो रूप से इस सीजन की शुरुआत में कोलकाता के खिलाफ खेली गई।

# गुजरात के खिलाफ चेन्नई की उम्मीदें एक बार फिर सैमसन पर

**चेन्नई, वार्ता।** अलग-अलग ताकतों पर आधारित एक हाई-स्टेक्स मुकाबला होने वाला है, जब चेन्नई सुपर किंग्स रविवारको एमए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी, इस मैच का नतीजा शायद इन-फॉर्म खिलाड़ियों और टीम के संतुलन से तय होगा।

चेन्नई सुपर किंग्स इस मुक.ाबले में सीजन की खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी करके उतर रही है। इस बदलाव के केंद्र में संजू सैमसन रहे हैं, जिनके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ ओप.निंग करने की उम्मीद है। सैमसन के आक्रामक स्ट्रोकप्ले ने सीएसके को टॉप ऑर्डर में गति दी है, जबकि गायकवाड़ अब तक भले ही औसत प्रदर्शन कर रहे हों, फिर भी पारी को संभाले हुए हैं।



मध्य क्रम, जिसमें सरफराज खान, डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे शामिल हैं, स्थिरता और ताकत का मिश्रण पेश करता है, जरूरत पड़ने पर हर कोई रन बनाने की गति बढ़ा सकता है। एमएस धोनी के संभावित शामिल होने से अनुभव और मैच खत्म करने की ताकत जुड़ती है,

जबकि कार्तिक शर्मा विकेटकीपिग के लिए एक वैकल्पिक विकल्प बने हुए हैं। ऑल-राउंड गहराई को जेमी ओवर्टन ने और मजबूत किया है, जिनकी दोहरी भूमिका टीम की लाइनअप में लचीलापन लाती है। गेंदबाजी यूनिट में नूर अहमद की स्पिन, अंशुल कंबोज की निरंतरता और गुरजपनीत सिंह व मुकेश चौधरी के तेज गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। अकील हुसैन से एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है, खासकर ऐसी पिच पर जो स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार हो, वहीं, हाल ही में चोट के कारण हुए बदलावों के बाद आक.ाश मधवाल टीम को और गहराई देते हैं। दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स अपने जबरदस्त टॉप ऑर्डर पर बहुत ज्यादा निर्भर है, जिसमें साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर शामिल हैं।

इस तिकड़ी ने इस सीजन में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं, सुदर्शन ने हाल ही में एक शतक जड़ा है, जबकि गिल टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। बटलर की मौजूदगी टीम में विस्फोटक क्षमता जोड़ती है,

हालांकि उनकी निरंतरता में कमी अभी भी चिंता का विाय बनी हुई है। ग्लेन फिलिप्स मध्य क्रम में अतिरिक्त आक्रामक क्षमता प्रदान करते हैं, जिन्हें वॉशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान का साथ मिलता है, हालांकि, इन दोनों का योगदान अब तक अनियमित रहा है। राहुल तेवतिया के एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर खेलने की उम्मीद है, जो मैच खत्म करने की क्षमता और रणनीतिक लचीलापन टीम में लाएंगे। टाइटन्स का गेंदबा.जी आक्रमण उनकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक बना हुआ है। चेन्नई के हालात में राशिद खान की स्पिन गेंदबाजी अहम साबित हो सकती है।

# अल्काराज कलाई की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस, वार्ता।** सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और दुनिया के नम्बर 2 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को कहा कि कलाई की पुरानी चोट के कारण वह आने वाले इटैलियन ओपन और फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। अल्काराज ने सोशल मीडिया पर बताया कि अपनी दाईं कलाई



के मेडिकल टेस्ट के नतीजे आने के बाद, उन्होंने और उनकी टीम ने यह फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम यही होगा कि सावधानी बरती जाए और रोम या रौलां गैरो में हिस्सा न लिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि यह मेरे लिए एक मुश्किल दौर है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि हम इससे और भी मजबूत होकर उभरेंगे। 22 साल के इस स्पेनिश खिलाड़ी को पिछले हफ्ते बार्सिलोना ओपन के पहले राउंड के मैच के दौरान यह चोट लगी थी। हालांकि उन्होंने फनिलैंड के ओटो विर्टानन को हरा दिया था।

# ऑरेंज कैप टेबल में शीर्ष पर पहुंचे विराट कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) बनाम गुजरात टाइटंस (जीटी) का शुक्रवार रात का मैच आईपीएल 2026 के ऑरेंज कैप तालिका में दिलचस्प बदलाव लेकर आया है। आरसीबी ने यह मुकाबला पांच विकेट से जीता।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड विराट कोहली एक बार फिर अपने परि.चित अंदाज में दिखे। पारी की शुरुआत करते हुए, बड़े लेकिन बहुत बड़े नहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए और अंत में वह ऑरेंज कैप तालिका में भी परिचित जगह पर पहुंच गए। आरसीबी को जीत के लिए 206 रन बनाने थे। को.हली ने पारी की शुरुआत की, 14वें ओवर तक बल्लेबाजी की, मैच खत्म नहीं कर पाए लेकिन 44 गेंदों पर 81 रन बनाकर जीत की मजबूत नींव रखी। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा



पर पहुंच गए। अब उनके नाम सात पारियों में 328 रन हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएस) के अभिोक शर्मा से पांच रन ज्यादा हैं। शीर्ा दो के बाद एसआरएच के हेनरिक क्लासेन (320 रन) हैं, और उनके पीछे जीटी के शुभमन गिल हैं। गिल ने आरसीबी के खिलाफ 24 गेंदों पर 32 रन बनाए और सीजन में अपने कुल रन 297 तक पहुंचाए, जिससे वह चेन्नई सुपर किंग्स द्धसीएसकेत्र्न के संजू सैमसन से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए, जबकि सैमसन पांचवें स्थान पर खिसक गए। आरस.ीबी-जीटी मैच के बाद रजत पाटीदार भी आगे बढ़े। आरसीबी के कप्तान पाटीदार ने इस मैच में सिर्फ आठ रन बनाए जो उनका लगातार दूसरा कम स्कोर है लेकिन वह एसआरएच के इशान किशन के साथ 238 रन पर बराबरी पर पहुंच गए (स्ट्राइक रेट के आधार पर पाटीदार आठवें और किशन नौवें स्थान पर हैं)। वहीं जीटी के ओपनर साई सुदर्शन ने 58 गेंदों पर 100 रन बनाकर सीजन का पांचवां शतक लगाया और टॉप-10 में जगह बना ली। पर्पल कैप लीडरबोर्ड आरस.ीबी-जीटी मैच में केवल आठ विकेट गिरे, और उनमें से एक भी जीटी के प्रसिद्ध कृणा को नहीं मिला, जिससे वह 12 विकेट के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर ही बने रहे,

जहां वह एसआरएच के ईशान मलिगा के साथ हैं। उनसे आगे सीएसके के अंशुल कम्बोज और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रिंस यादव हैं। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने जॉस बटलर का विकेट लिया, जिससे उनके इस सीजन में 11 विकेट हो गए। वह अब राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई के साथ बराबरी पर हैं, और ए तीनों शीर्ा चार के ठीक पीछे हैं।

## 'सही समय पर बाउंड्री लगाना मेरी जिम्मेदारी थी': कोहली

**बेंगलुरु, वार्ता।** विराट को.हली ने देवदत्त पड्डिक्कल के साथ अपनी 115 रन की साझेदारी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.ीबी) की 206 रन के सफल चेज में 'गेम चेंजर' बताया, जो उन्होंने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ हासिल किया। कोहली को 44 गेंदों में 81 रन (आठ चौके और चार छक्के) की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, और आरसीबी सात मैचों में पांचवीं जीत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। विराट ने आरसीबी की बल्लेबाजी पर कहा कि मेरा मतलब है, हमें शुरुआत में विकेट को समझना था क्योंकि उनके पास क्वालिटी गेंदबाजी आक्रमण है, और बेंगलुरु में 200 (206) का पीछा करते हुए हमें पता है कि हमें सिर्फ एक साझेदारी की जरूरत होती है। मुझे लगता है कि मेरे और (जेकब) के बीच बात.चीत यही थी कि पहले कुछ ओवर को समझें, क्या हो रहा है, और फिर वहां से खेल को आगे बढ़ाएं। मुझे लगता है कि देवदत्त पड्डिक्कल ने इस सीजन में यह दूसरी बार किया है कि जब वह आए और पहली ही गेंद से शानदार बल्लेबाजी की। पड्डिक्कल की 27 गेंदों में 55 रन की पारी ने मिडिल ओवर्स में आरसीबी को जरूरी रन रेट से काफी आगे रखा, और उनका आक्रामक इरादा जीटी के प्रमुख गेंदबाजों के खिलाफ भी साफ दिखा। कोहली ने कहा कि आप जानते हैं, कगिसो रबाडा के खिलाफ पहला चौका शानदार था। उनके पास गेम अवेयरनेस और क्षमता है। खासकर हमारी परिस्थितियों में अच्छे क्रिकेटिंग शॉट खेलने और विपक्षी टीम को नुक़सान पहुंचाने की।



जम्मू-कश्मीर। सांबा में 'नशा मुक्त-जम्मू-कश्मीर' अभियान के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान।

## अमेरिका नहीं बढ़ाएगा रूस, ईरान से तेल खरीदने को छूट की अवधि: बेसेंट

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि ईरानियों के लिए नहीं---हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी, जो उनके तेल के कुओं के लिए बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गई छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिक के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गई थी, जो क्रमश: 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाजों पर लादा जा चुका था।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में छह लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी हिस्से में इजरायल के हवाई हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपात संचालन केंद्र के अनुसार, शुक्रवार को हुए इन हमलों में नागरिकों को निशाना बनाया गया। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने भी इसकी पुष्टि की है। संघर्षविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाए जाने के एक दिन बाद भी इजरायली सेना और हिज्बुल्ला के लड़ाकों के बीच झड़पें जारी रहीं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर संघर्षविराम उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह दक्षिणी लेबनान के कुछ हिस्सों में अब भी तैनात है और उसने लितानी नदी तक अपने नियंत्रण क्षेत्र का विस्तार किया है। सेना के प्रवक्ता ने कुछ क्षेत्रों में नागरिकों की आवाजाही पर रोक की भी घोषणा की है।

# समुद्री नाकाबंदी से फिर बढ़ रहा तनाव

### अमेरिकी युद्धपोत-यूएसएस राफेल पेराल्टा ने ईरानी जहाज को रोका, सेंटकॉम ने की पुष्टि

**फ्लोरिडा (अमेरिका)।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकाम) ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर यूएसएस राफेल पेराल्टा (डीडीजी 115) ने एक ईरानी झंडे वाले जहाज को समुद्र में रोक दिया है। यह कार्रवाई एक विशेष समुद्री मिशन के तहत की गई, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव एक बार फिर बढ़ गया है।

अमेरिकी नौसेना के अनुसार, 24 अप्रैल को इस जहाज की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह जहाज ईरान के बंदरगाह की ओर जा रहा था, जिसके बाद उसे रोकने का निर्णय लिया गया। इसके बाद अमेरिकी युद्धपोत ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जहाज को रोका और बोर्डिंग के जरिए उसकी जांच शुरू की। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया है। शुक्रवार को पेंटागन में हुई ब्रीफिंग के दौरान जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सख्त समुद्री नाकाबंदी नीति लागू कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना किसी भी स्थिति में



■ अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को व्यापक समुद्री अभियान का हिस्सा बताया

बड़े सैन्य अभियान को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, यदि राष्ट्रपति का आदेश मिलता है। जनरल केन ने बताया कि अमेरिका वैश्विक स्तर पर प्रतिबंधित और श्डार्क फ्लीटश जहाजों पर कार्रवाई कर रहा है। यह अभियान 8 अप्रैल से शुरू हुआ था। अब तक 34 जहाजों को रोका जा चुका है, जिनमें से कई ने अमेरिकी चेतावनी के बाद वापस लौटने का फैसला किया। अमेरिकी सेना ने हाल ही में मोटर वेसल तोस्का को भी जब्त किया था। चेतावनी के बावजूद जब जहाज नहीं रुका तो अमेरिकी मरीन ने हेलीकाप्टर के जरिए तेजी से कार्रवाई करते हुए जहाज पर नियंत्रण हासिल कर लिया। इसके अलावा 20 अप्रैल को ज्पर्दिल टैंकर को रोका गया, जिसमें कथित रूप से प्रतिबंधित ईरानी तेल मौजूद था। वहीं 22 अप्रैल को इंडियन ओशन में एक और जहाज मेजेस्टिक एक्स पोनी को भी जब्त किया गया। सेंटकाम ने साफ किया है कि किसी भी देश का जहाज यदि ईरान के बंदरगाहों की ओर जाता है या वहां से निकलता है, तो उसे रोका जाएगा। अमेरिकी सेना लगातार ऐसे जहाजों पर नजर रख रही है जो इस क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं। ब्रीफिंग के दौरान जनरल डैन केन ने 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर हुए बम हमले का भी उल्लेख किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना अपने कर्मियों की बहादुरी और समर्पण को हमेशा याद रखती है और वर्तमान अभियानों में शामिल सैनिकों पर गर्व करती है।

# प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप

### अब तक सिर्फ एक व्यक्ति ने ही हासिल किया, 1300 आवेदन बेचे जाने का किया था सरकार ने दावा



■ ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था, उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत पांच मिलियन डालर रखी थी
■ अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बहुचर्चित 'गोल्ड कार्ड' वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डालर (9 करोड़ रुपये से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है।

वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लान्च होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रुपये के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टाप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थाई निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ब्रिटेन ने जंग में साथ नहीं दिया, ट्रम्प नाराज

■ ब्रिटेन के कब्जे वाले फाकलैंड द्वीप पर अर्जेंटीना का साथ दे सकते हैं अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** ब्रिटेन और स्पेन ने नाटो से जुड़ी एक अमेरिकी रिपोर्ट पर आपत्ति जताई है। इसमें कहा गया था कि ट्रम्प सरकार इन दोनों देशों को सजा देने पर विचार कर रही हैं। इसकी वजह ईरान के खिलाफ जंग में अमेरिका का खुलकर साथ नहीं देना है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के भीतर अधिकारियों के बीच एक ईमेल के जरिए बातचीत हुई, जिसमें अलग-अलग संभावित कदमों (आप्शन्स) पर विचार किया जा रहा था।

जैसे कि विरोधी माने जा रहे देशों को नाटो के अहम पदों से हटाना, स्पेन जैसे देश को गठबंधन में उसकी भूमिका को सीमित करना और ब्रिटेन के फाकलैंड द्वीप पर दावे को लेकर अमेरिका की नीति की समीक्षा करना। हालांकि पेंटागन ने इस ईमेल पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी और यह ईमेल सार्वजनिक रूप से भी सामने नहीं आया है। ईरान पर हमलों के दौरान ट्रम्प और स्टार्मर के बीच तनाव देखने को मिला था। शुरुआत में ब्रिटेन ने अमेरिका को अपने एयरबेस इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी थी। बाद में ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद ब्रिटेन ने कुछ एयरबेस इस्तेमाल करने की इजाजत दी, ताकि होर्मुज या ब्रिटिश ठिकानों को खतरा पैदा करने वाले ईरानी ठिकानों पर हमला किया जा सके। हालांकि फिर ट्रम्प इससे खुश नहीं हुए। दूसरी तरफ अर्जेंटीना में इस खबर को लेकर खुशी का माहौल है। सरकार के प्रवक्ता जेवियर लानारी ने कहा कि उनका देश 'माल्विनास' को वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई ट्रम्प के करीबी माने जाते हैं। मिलेई ने भी कहा कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। फाकलैंड द्वीप का मामला ब्रिटेन और अर्जेंटीना दोनों के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है।

दोनों देश इस पर दावा करते हैं। अर्जेंटीना इस द्वीप को माल्विनास कहता है। फाकलैंड दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित हैं और अर्जेंटीना से सिर्फ 500 किमी दूर है। वहीं ब्रिटेन से यह 13000 किमी दूर स्थित है। अर्जेंटीना ऐतिहासिक रूप से इस द्वीप को अपना बताता आया है। अर्जेंटीना का कहना है कि ये द्वीप उसके पास होने चाहिए, क्योंकि ये उसके इलाके के करीब हैं। वहीं ब्रिटेन कहता है कि वहां रहने वाले लोग खुद को ब्रिटिश मानते हैं और उन्होंने वोट करके भी ब्रिटेन के साथ रहने की इच्छा जताई है, इसलिए यह उसका क्षेत्र है। 1982 में अर्जेंटीना ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने सेना भेजकर सिर्फ 10 हफ्ते में इन्हें वापस हासिल किया था। अर्जेंटीना के आत्मसमर्पण करने से पहले लगभग 650 अर्जेंटीनाई सैनिक और 255 ब्रिटिश सैनिक मारे गए थे।

## ट्रम्प ने ईरानी नेताओं की हत्या का किया समर्थन

■ ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐसे संदेश को साझा किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी
■ ब्रिटेन के किंग चार्ल्स के साथ ईरान और नाटो के मुद्दे को लेकर चर्चा करेंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके देश के साथ समझौते के पक्ष में न होने वाले ईरानी नेताओं की हत्या का समर्थन किया है। वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार मार्क थीसेन ने 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया है कि जो ईरानी नेता अमेरिका के साथ समझौते के पक्ष में नहीं हैं, उनकी हत्या कर दी जानी चाहिए। बाद में ट्रम्प ने इस संदेश को ट्रुथ सोशल पर साझा किया। थीसेन के संदेश में कहा गया कि अगर ईरान में दो धड़े हैं, जिनमें से एक समझौता चाहता है और दूसरा नहीं, तो समझौता न चाहने वाले नेताओं को हमें मार देना चाहिए। ट्रम्प के इस संदेश को साझा किए जाने पर ईरान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने इसे 'गंभीर नैतिक पतन का प्रमाण' बताया। प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार के संदेश का समर्थन यह दर्शाता है कि अमेरिका अपने घोषित मूल्यों से हटकर हिंसा और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने ऐसे व्यक्ति का संदेश साझा किया है, जो खुले तौर पर उन लोगों की हत्या की बात कर रहा है जो समझौते के पक्ष में नहीं हैं। बाघेई ने कहा कि जो देश कभी लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक माना जाता था, वह अब हिंसा और हत्या को बढ़ावा देता दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रश्न खड़ा किया कि इसे गहरे नैतिक संकट के अलावा और क्या कहा जा सकता है। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ।।। के अमेरिका के दौरे के दौरान उनके साथ उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रम्प ने एक न्यूज एजेंसी को फोन पर बताया कि मैं हर चीज के बारे में बात करूंगा। मैं इस पर चर्चा करूंगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स ।।। और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएंगे। ट्रम्प ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा।

# इंडो-पैसिफिक में बढ़ी ताकत

■ भारत-अमेरिका साझेदारी गहरी, सीडीएस अनिल चौहान की बैठक से रक्षा सहयोग को नया आयाम
■ दोनों देशों ने इस बात को स्वीकारा: आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत होती जा रही है। इसी कड़ी में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड के वरिष्ठ अधिकारी जनरल केविन बी. श्नाइडर के साथ अहम बैठक की।

इस बैठक में दोनों देशों ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। साथ ही, क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने यह स्पष्ट किया कि वे क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय के अनुसार, इस बातचीत में द्विपक्षीय और त्रि-सेवा सहयोग को और विस्तारित करने पर भी सहमति बनी। दोनों देशों ने इस बात को स्वीकार किया कि आधुनिक समय में तकनीक सैन्य शक्ति का अहम आधार बन चुकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने पर बल दिया गया। इससे पहले, जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठकें कीं। उन्होंने सर रिचर्ड नाइटन के साथ मुलाकात कर वैश्विक चुनौतियों, साइबर खतरों और व्यापार असंतुलन जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भारत और ब्रिटेन ने भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और समृद्धि बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्रिटेन दौरे के दौरान जनरल चौहान ने रायल कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज में भी संबोधन दिया, जहां उन्होंने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति और वैश्विक सुरक्षा पर उसके प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत किस तरह वैश्विक स्तर पर स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## फिनलैंड के पास परमाणु हथियार होने की संभावना को संज्ञान में लेगा रूस

**मॉस्को।** रूस अपनी सैन्य योजना में फिनलैंड के पास आयात या निर्माण के माध्यम से परमाणु हथियार होने की 'सैद्धांतिक संभावना' को भी संज्ञान में लेगा। फिनलैंड की सरकार ने संसद में परमाणु ऊर्जा कानून और दंड संहिता में संशोधन का एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जो फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के आयात, निर्माण, भंडारण और उपयोग पर वर्तमान प्रतिबंध को समाप्त कर देगा। हेलसिंकी स्थित रूसी दूतावास ने 'आरआईए नोवोस्ती' को यह जानकारी दी है। दूतावास ने कहा कि यह समझने के लिए सैन्य विशेषज्ञ होने की आवश्यकता नहीं है कि फिनलैंड की धरती पर परमाणु हथियारों के पहुंचने की सैद्धांतिक संभावना पर भी रूस अपनी सैन्य योजना के जरिए नजर रखेगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंग हटाने में तुर्की भागीदारी करेगा!

### किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा: विदेश मंत्री

**लंदन।** तुर्की ने संकेत दिया है कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौता होने की स्थिति में वह होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग हटाने के अभियानों में भाग ले सकता है।

तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने यहां कहा कि किसी भी संभावित अभियान का नेतृत्व बहुराष्ट्रीय तकनीकी गठबंधन द्वारा किया जाएगा और ऐसे ढांचे के तहत तुर्की को भागीदारी में कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों का समाधान



■ यदि यह गठबंधन किसी नए संघर्ष में शामिल होता है तो तुर्की अपनी भूमिका पर पुनर्विचार करेगा: फिदान

पाकिस्तान में होने वाली अगली वार्ता में संभव हो सकता है। इस बीच, अमेरिका ने जलडमरूमध्य में ईरान की गतिविधियों को लेकर चेतावनियां तेज कर दी हैं और नौसैनिक उपस्थिति बढ़ाई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यूरोपीय देशों की आलोचना करते हुए कहा कि वे ठोस कार्रवाई के बजाय केवल कूटनीतिक बैठकों तक सीमित हैं। पिछले हफ्ते ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा समुद्री सुरक्षा पर आयोजित कॉन्फ्रेंस पर प्रतिक्रिया देते हुए, हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका 'फैंसी बैठकों' के बजाय 'गंभीर' यूरोपीय प्रयास का स्वागत करेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि उसकी ऊर्जा आपूर्ति इस मार्ग पर निर्भर है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस संकट में अमेरिका अब यूरोपीय समर्थन पर निर्भर नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी नाकेबंदी के कारण ईरान आर्थिक रूप से दबाव में है और उसे भारी नुकसान हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 13 अप्रैल से अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों के आसपास गतिविधियों को नियंत्रित कर रही है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस का परिवहन होता है। अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग बिछाने का प्रयास करता है, तो इसे संघर्षविराम का उल्लंघन माना जाएगा और इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# गाजा युद्ध के बाद पहली बार नगरपालिका चुनाव

### फलस्तीनियों ने किया मतदान, गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ

**यरूशलम।** फलस्तीन के पश्चिमी तट और गाजा पट्टी के सीमित क्षेत्रों में शनिवार को फलस्तीनी मतदाता नगरपालिका चुनाव में मतदान कर रहे हैं। गाजा युद्ध के बाद यह पहला चुनाव है।

रिपोर्टों के अनुसार, पश्चिमी तट में लगभग 15 लाख मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि गाजा के दैर अल-बलह शहर में करीब 70 हजार मतदाता मतदान कर रहे हैं। यह गाजा का वह क्षेत्र है जहां बड़े पैमाने पर जमीनी हमला नहीं हुआ है। ये चुनाव 19 नवम्बर, 2025 को प्रकाशित नए चुनावी कानून के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं, जिसने दो अलग-अलग चुनावी प्रणालियां स्थापित की हैं। करीब दो दशकों में पहली बार



गाजा में मतदान हो रहा है। यहां अंतिम चुनाव 2006 में हुआ था, जब हमास ने जीत हासिल की थी। इन चुनावों को फलस्तीनी प्राधिकरण के नेतृत्व वाले महमूद अब्बास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो गाजा में अपनी राजनीतिक उपस्थिति बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकांश उम्मीदवार फतह पार्टी के अंतर्गत या निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हमास ने आधिकारिक रूप से उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, लेकिन कुछ उम्मीदवारों को उससे जुड़ा माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ गुट मतदान में बिल्कुल भी हिस्सा नहीं ले रहे हैं। उन्हें उस नियम पर आपत्ति है जिसके तहत उम्मीदवारों के लिए फलस्तीनी प्राधिकरण के समझौतों का समर्थन करना जरूरी है। इसमें इजरायल को मान्यता देना भी शामिल है। हमास ने कहा कि नतीजे जो भी हों, वह उनका सम्मान करेगा। उसने गाजा में मतदान केंद्रों के बाहर सिविल पुलिस भी तैनात कर दी है। कागज पर तो ये महज स्थानीय परिषद के चुनाव हैं, लेकिन इनमें राजनीतिक दांव कहीं ज्यादा बड़े हैं। विश्लेषकों के अनुसार, ये स्थानीय निकाय चुनाव भले ही प्रशासनिक स्तर के हों, लेकिन इनके राजनीतिक निहितार्थ व्यापक हैं और भविष्य में राष्ट्रीय चुनावों का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। उनका मानना है कि फलस्तीनी प्राधिकरण वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहा है।

## न्यूयॉर्क में 'परमाणु-5' विशेषज्ञों की बैठक की योजना: बैलोसोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनाई गई है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा कि संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था।

# माली: बमकों में भारी गोलीबारी और विस्फोट

### सशस्त्र समूहों ने राजधानी सहित कई शहरों पर किया हमला

**बमको।** अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमको और देश के कई अन्य हिस्सों में शनिवार सुबह सशस्त्र समूहों ने समन्वित हमले किए। बमको-सेनो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित सेनो सैन्य शिविर और काटी स्थित सैन्य ठिकाने के पास भारी गोलाबारी और विस्फोटों की खबरें मिली हैं।


आधिकारिक सूत्रों और समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार, यह एक बेहद सुनियोजित अभियान था जिसके तहत बमको (सेनो और काटी) के अलावा सेवारे, मोप्ती, गाओ और किदाल जैसे रणनीतिक स्थानों को निशाना बनाया गया। बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं। कई इलाकों में निवासियों ने



■ बमको का मुख्य हवाई अड्डा और काटी में रक्षा मंत्री का आवास इन हमलों के प्रमुख लक्ष्य बताए जा रहे हैं

सुबह-सुबह भारी गोलाबारी और लगातार धमाकों की आवाजें सुनीं। माली सेना ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ जनता को सूचित करते हैं कि अज्ञात आतंकवादी समूहों ने आज तड़के राजधानी और आंतरिक क्षेत्रों में कुछ रणनीतिक स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया है। वर्तमान में गोलाबारी जारी है। हम जनता से शांत रहने और सतर्क रहने का आग्रह करते हैं। हमारी सुरक्षा बल हमलावरों को बेअसर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। माली 2012 से ही विभिन्न सशस्त्र समूहों के हमलों का सामना कर रहा है। इससे पहले 2024 में भी काटी और सेनो हवाई अड्डा क्षेत्र को इसी तरह निशाना बनाया गया था। वर्तमान में देश अंतरिम राष्ट्रपति जनरल असीमी गोइता के नेतृत्व में है, जिन्होंने मई 2021 में सत्ता संभाली थी।

# हस्तिनापुर के वीर में शकुनी बनेंगे चंदन आनंद



**मुंबई।** अभिनेता चंदन आनंद सोनी सब के आगामी शो हस्तिनापुर के वीर में शुकनी के किरदार में नजर आएंगे। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाने वाले चंदन, पौराणिक कथाओं के सबसे जटिल और अप्रत्याशित किरदारों में से एक शकुनी भूमिका निभा रहे हैं। चंदन आनंद ने कहा, जब मैंने शकुनी के सीन पढ़े, तो सबसे अलग बात यह थी कि उसकी ताक़त उसके कहे हुए में नहीं, बल्कि उसके न कहे हुए में है। उसकी शक्ति शांत है। वह आवाज उठाने के बजाय अवलोकन और सही समय पर भरोसा करता है। इस रोल को रोमांचक बनाता है यह कि वह बच्चों के बीच एक मजेदार, लाड़-प्यार करने वाले बड़े की तरह दिखता है, जो उन्हें अलग सोचने के लिए प्रेरित करता है। लेकिन उसके पीछे हमेशा एक गहरा इरादा छिपा होता है। इन परतों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण भी रहा और दिलचस्प भी, और यही शकुनी को निभाने को इतना आकर्षक बनाता है। हस्तिनापुर के वीर सोनी सब पर जल्द ही प्रसारित होगा।

# ऐसा लग रहा है जैसे एकसाथ कई सपने जी रही हूं: श्वेता



**मुंबई।** अभिनेत्री और फिल्मकार श्वेता त्रिपाठी का कहना है कि वर्ष 2026 उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे वह एक साथ कई सपने जी रही हैं। श्वेता त्रिपाठी के लिए 2026 सिर्फ ज्यादा काम करने का साल नहीं है, बल्कि ऐसे काम करने का है जो उनके दिल के करीब हो और मायने रखते हो।

जहां दर्शक मिर्जापुर: द मूवी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं श्वेता एक नए सफर की शुरुआत कर रही हैं, एक ऐसा सपना जिसे वह लंबे समय से जीना चाहती थीं, अपनी कहानियां खुद बनाना। अभिनय के साथ-साथ अब वह अपने प्रोडक्शन हाउस पर भी ध्यान दे रही हैं और अपनी पहली फिल्म बतौर निर्माता मुझे जान ना कहो मेरी जान पर काम कर रही हैं।

यह एक खूबसूरत और संवेदनशील समलैंगिक प्रेम कहानी है, जिससे वह खुद को बहुत जुड़ा हुआ महसूस करती हैं। साथ ही, थिएटर आज भी उनका सबसे मजबूत सहारा है। वह न सिर्फ परफॉर्म कर रही हैं, बल्कि अपने प्ले कॉक को उसके आखिरी शो के लिए वापस मंच पर ला रही हैं। वह उसी जुनून और जिज्ञासा के साथ थिएटर में लौट रही हैं, जिसने उन्हें पहली बार एक्टिंग की दुनिया से जोड़ा था। श्वेता त्रिपाठी ने कहा, 2026 ऐसा लग रहा है जैसे मैं एक साथ कई सपने जी रही हूं। मैं आज भी वही एक्टर हूं जिसे सेट पर काम करने का उतना ही उत्साह होता है, लेकिन अब मैं यह भी सीख रही हूं कि अपनी खुद की कहानी बनाना कैसा होता है। मुझे जान ना कहो मेरी जान के जरिए हम एक ऐसी कहानी बताने की कोशिश कर रहे हैं जो सच्ची हो, सभी को साथ लेकर चले और दिल से जुड़ी हो। और जब भी मैं थिएटर में लौटती हूं, मुझे याद आता है कि मेरी शुरुआत कहां से हुई थी। यह मुझे जमीन से जोड़े रखता है और हमेशा कुछ नया सीखने की चाह बनाए रखता है।

# टकरा सकती हैं अक्षय व रामचरण की फिल्म

**मुंबई।** राम चरण की पैन इंडिया फिल्म पेड्डी की रिलीज को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर फिल्म 25 जून 2026 के आसपास रिलीज होती है, तो इसका सीधा मुकाबला अक्षय कुमार की मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकता है।

दोनों बड़े प्रोजेक्ट्स के संभावित क्लैश ने हिंदी बॉक्स ऑफिस को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। पैन-इंडिया फिल्मों के दौर में बॉक्स ऑफिस क्लैश अब आम बात हो गई है, लेकिन जब दो बड़ी स्टारकास्ट वाली फिल्मों की टक्कर की खबर सामने आती हैं, तो चर्चा और भी तेज हो जाती है। इन दिनों राम चरण की अपकमिंग फिल्म पेड्डी को लेकर भी कुछ ऐसा ही माहौल बनता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म अगर तय तारीख पर रिलीज होती है, तो हिंदी बॉक्स ऑफिस पर इसे एक बड़ी मल्टीस्टारर फिल्म से मुकाबला करना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस क्लैश को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुताबिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है।

राम चरण की पेड्डी को एक बड़े पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है, लेकिन यह फिल्म काफी लेट हो गई है। हालांकि, अब सामने आ रही खबरों के मुताबिक, यह फिल्म 25 जून 2026 के आसपास सिनेमाघरों में आती है। अगर ऐसा हो जाता है तो पेड्डी का सामना अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फ्रेंचाइजी फिल्म वेलकम टू द जंगल से हो सकती है। वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।



वेलकम टू द जंगल 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वेलकम फ्रेंचाइजी पहले ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर रही है और इसके दोनों पिछले पार्ट बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुए थे।

तीसरे पार्ट में भी बड़ी स्टारकास्ट शामिल बताई जा रही है, जिसमें संजय दत्त, अनिल कपूर, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस और सुनील शेट्टी जैसे नाम जुड़े हुए हैं। ऐसे में अगर पेड्डी इसी तारीख पर आती है, तो हिंदी बेल्ट में इसे कड़ी टक्कर मिल सकती है। पेड्डी के लिए हिंदी मार्केट काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि फिल्म को पैन-इंडिया लेवल पर तैयार किया जा रहा है।

मेकर्स की कोशिश है कि फिल्म सिर्फ साउथ ही नहीं बल्कि नॉर्थ इंडिया में भी बड़ी ओपनिंग हासिल करे। यही वजह है कि रिलीज डेट को लेकर रणनीति पर खास ध्यान दिया जा रहा है। हालांकि, अभी तक रिलीज डेट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन क्लैश की खबर ने ही फिल्म को लेकर चर्चा बढ़ा दी है।



# किंग में दीपिका ने शाहरुख के साथ किए एक्शन सीन

**आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं।**

**मुंबई।** दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस करने के बाद दीपिका पादुकोण ने काम से ब्रेक लेने के बजाय शूटिंग जारी रखी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग के लिए हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस शूट किया, जो 21-22 अप्रैल को मुंबई के खास सेट पर फिल्माया गया। आने वाले समय में सिनेमाघरों में कई कमाल की फिल्मों दस्तक देने वाली हैं, जिनमें से एक नाम किंग का नाम भी शामिल है। शाहरुख खान की यह फिल्म लंबे वक्त से चर्चा में बनी है, फिल्म में कई कमाल के स्टार्स शामिल हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अफनी सेकेंड प्रेग्नेंसी अनाउंस की है, जहां बॉलीवुड में अक्सर सितारे प्रेग्नेंसी के दौरान काम से ब्रेक लेते नजर आते हैं, वहीं दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को लेकर कितनी गंभीर हैं। सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने दूसरी बार मां बनने की अनाउंसमेंट की थी। जिसके कुछ ही दिनों बाद दीपिका ने शाहरुख खान के साथ हाई-एनर्जी एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग की खबरों से सभी को चौंका दिया। इस खबर ने न सिर्फ फैंस को हैरान किया बल्कि इंडस्ट्री में भी उनकी प्रोफेशनलिज्म की चर्चा तेज हो गई है। हाल ही में खबर सामने आई है कि दीपिका ने अपकमिंग फिल्म किंग के लिए फाइट सीक्वेंस शूट किया है। जिसमें हाई-ऑक्टेन कॉम्बैट और बड़े पैमाने पर एक्शन कोरियोग्राफी शामिल थी। शाहरुख और दीपिका ने इस सीन की शूटिंग 21 और 22 अप्रैल को की, जिसमें दीपिका ऑल-व्हाइट आउटफिट में नजर आईं। विले पार्ले स्थित गोल्डन टोबैको स्टूडियो में इसके लिए खास सेट तैयार किया गया था। फाइट सीक्वेंस की कोरियोग्राफी फिल्म के बड़े और ग्रैंड ट्रीटमेंट के मुताबिक रखी गई है। दरअसल, 19 अप्रैल 2026 को दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने दूसरे बच्चे की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की थी। इस अनउंसमेंट के बाद कई लोगों को लगा कि एक्ट्रेस अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स से ब्रेक ले सकती हैं। लेकिन दीपिका ने इन अटकलों को गलत साबित करते हुए शूटिंग जारी रखी और एक्शन सीन में हिस्सा लेकर सभी को चौंका दिया। इस फिल्म के अलावा दीपिका अल्लू अर्जुन की फिल्म राका में भी नजर आने वाली हैं।

# सूरज बड़जात्या को खूब भाता है प्रेम



**मुंबई।** किसी खास नाम के प्रति फिल्मी दुनिया में निर्माता-निर्देशकों की आसक्ति रही है, उसी में एक नाम है प्रेम जो निर्माता सूरज बड़जात्या का पसंदीदा नाम रहा है। सूरज बड़ाजात्या ने हाल ही में अपनी नई फिल्म यह प्रेम मोल लिया का एलान किया है। फिल्म यह प्रेम मोल लिया में आयुष्मान खुराना और शरवरी की मुख्य भूमिका है। राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स मिलकर इस फिल्म को बना रहे हैं।

इस फिल्म के साथ राजश्री का मशहूर किरदार प्रेम 11 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहा है। इस बार इस किरदार को पहली बार आयुष्मान खुराना निभा रहे हैं, जो अपने सादे और शरारती अंदाज से इसे खास बनाते हैं। निर्माता-निर्देशक सूरज बड़जात्या लगभग अपनी हर फिल्म में हीरो का नाम प्रेम रखते आए है और यह नाम उनके लिए भाग्यशाली साबित होता आया है। सूरज बड़जात्या ने सबसे पहले वर्ष 1989 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म मैने प्यार किया के माध्यम से सलमान खान को पहली बार प्रेम की भूमिका में दर्शको के सामने पेश किया था। युवा प्रेम कथा पर आधारित फिल्म मैंने प्यार किया ने दर्शकों के दिल में अपनी छाप छोड़ी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता अर्जित की। इसके बाद सूरज बड़जात्या को प्रेम नाम कुछ ऐसा जंचा कि उन्होंने यह निश्चय कर लिया कि यदि वे किसी फिल्म का निर्माण करेगें तो उसमे अभिनेता का नाम प्रेम अवश्य रखेंगे। सूरज बड़जात्या ने इसके बाद वर्ष 1994 में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर फिल्म हम आपके हैं कौन में दूसरी बार सलमान खान को प्रेम के किरदार निभाने का मौका दिया। मैने प्यार किया के प्रेम की तुलना में हम आपके है कौन का प्रेम दर्शकों को कुछ ज्यादा हीं पसंद आया। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म हम आपके हैं कौन ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अपनी पिछली फिल्म मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन की सफलता से उत्साहित सूरज बड़जात्या ने प्रेम नाम को एक बार फिर से अपनी वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम साथ साथ है में सलमान खान के किरदार के रूप में पेश किया, लेकिन इस बार फिल्म ने अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं की। माना जाता है इस फिल्म में प्रेम के किरदार को प्रभावशाली ढंग से पेश नहीं किया गया था। सूरज बड़जात्या को फिल्म के किरदार प्रेम पर इस कदर भरोसा था कि उन्होंने वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म मैं प्रेम की दीवानी हूं में ऋतिक रौशन और अभिषेक बच्चन दोनों को ही प्रेम नाम से दर्शकों के सामने पेश किया, लेकिन कमजोर पटकथा के कारण यह फिल्म बॉक्स आफिस पर पिट गई।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)